दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करणःटोंक,जयपुर, अलवर एवं कोटा
• Since : 2004 //// कदम बढ़ाये, सच के साथ ////
वर्ष : 12 | अंक : 216 टोंक | शनिवार,12 अप्रैल, 2025 | चैत्र, शुक्ल पक्ष पूर्णिमा संवत्-2082 |भारत सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | RNI NO. RAJHIN/2013/52206 | मूल्य : ₹ 4.00 | पृष्ठ : 08
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

# निवाई में 6 करोड़ की लागत से बने अत्याधुनिक सामुदायिक भवनों का भव्य लोकार्पण, आमजन को मिलेगा लाभ

- नगरपालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने अतिथियों का किया 151 किलो की माला से स्वागत
- मुख्य अतिथि मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व अन्य गणमान्य अतिथियों की मौजूदगी में हुआ लोकार्पण

बढ़ता राजस्थान





**निवाई/टोंक (का.स.)।** नगरपालिका के तत्वावधान में श्यामा प्रसाद मुखर्जी कॉलोनी में 6 करोड रूपए की लागत से मैरिज गार्डन की तर्ज पर नवनिर्मित सामुदायिक भवन प्रथम व द्वितीय का भव्य लोकार्पण समारोह पूर्वक किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, अध्यक्षता नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य शासन विभाग मंत्री झाबरसिंह खर्रा, विशिष्ट अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा, पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी, जिला प्रमुख सरोज बंसल, भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रवीरसिंह चौहान, शहर मंडल अध्यक्ष अंकुर गुप्ता व पार्षद महेंद्र सारसोप रहे। अतिथियों का पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी के नेतृत्व में 151 किलो की माला और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि कन्हैयालाल चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस शासन काल में केवल मात्र घोषणाएं हुई थी। कांग्रेस सरकार ने धरातल पर कोई कार्य नहीं किया है। उन्होंने कहा कि पूरे प्रदेश भर में पानी की समस्या को दूर करने के लिए लगातार प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि निवाई विधानसभी में जेजेएम योजना में 58 करोड रूपए राज्य सरकार ने स्वीकृत किए है। जिससे शेष रही 88 ग्राम पंचायतों को घर-घर नल कनेक्शन मिलेंगे। मंत्री झाबरसिंह खर्राने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में प्रदेश में नए आयाम स्थापित किए जा रहे हैं। पिछली सरकार में बिजली की काफी कमी आमजन को होती थी। किंतु भाजपा की सरकार में प्रदेश में बिजली की समस्या को दूर करने के लिए बिजली ताप घर स्थपित कर पूरे प्रदेश में 24 घंटे बिजली देने के लिए कार्य कर रही है। विधायक वर्मा ने कहा कि निवाई पीपलू विधानसभा क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित किया जा रहे हैं। मुख्यमंत्री से जनहित के लिए जो कार्य मांगे जा रहे हैं वह पूर्ण रूप से दे रहे हैं। उन्होंने पत्रकारों को आवासीय भूखंड आवंटित करवाने की भी मांग की।

**आमजन को होगें न्यूनतम दर पर उपलब्ध :** चैयरमेन इसरानी ने कहा कि 6 करोड रूपए की लागत से आमजन को न्यूनतम दर पर उपलब्ध करवाने के लिए अत्याधुनिक सभी सुविधाओं से युक्त मैरिज गार्डन की तर्ज पर सामुदायिक भवन बनाए गए है। पालिका अध्यक्ष इसरानी ने बताया कि 6 करोड रूपए की लागत से 2 सामुदायिक भवन बनाए गए है। सामुदायिक भवन प्रथम में 600 व द्वितीय में 500 व्यक्तियों की क्षमता का बैंक्वेट हॉल बनाया गया है। प्रथम में 6 वातानुकूलित कमरे व 2 स्टोर है। जबकि दूसरे में 3 वातानुकूलित कमरे व एक स्टोर रूम है। दोनों ही सामुदायिक भवनों में गार्डन, पार्किंग, रसोई घर व महिला-पुरूष के लिए अलग-अलग शौचालय बनाएं गए है। सुरक्षा की दृष्टि से सीसी टीवी केमरे, अग्नि प्रतिरोधि भवन व 24 घंटे गार्ड व्यवस्था है। मुख्य द्वार पर फाउंटेन, आधुनिक साईन बोर्ड, हाईमास्क लाईट व पावर बेकअप के लिए जनरेटर सुविधा है। उन्होंने कहा कि चौधरी कॉलोनी में जलभराव की समस्या के निदान के लिए नाला निर्माण कार्य के टेण्डर कर दिए गए है। इसी प्रकार 80 फीट रोड पर फाउंटेन, दांडी मार्च व गांधी पार्क मे पक्षी घर बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहर में करीब 60-70 करोड रूपए की लागत के विकास कार्य शीघ्र करवाए जाएंगे। उन्होंने शहर में 55 करोड रूपए की लागत से 6 पेयजल टंकियां देने के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी का भी धन्यवाद ज्ञापित किया। समारोह को जिला प्रमुख सरोज बंसल व जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान ने भी संबोधित किया। समारोह के बाद सभी अतिथियों की मौजूदगी में पालिकाध्यक्ष इसरानी ने अपने जन्मदिन का केक काटा। कार्यक्रम का मंच संचालन कवि प्रदीप पंवार ने किया। कार्यक्रम में पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र चंवरिया, भामाशाह ओमप्रकाश गुप्ता, नगर निगम पार्षद अंकित वर्मा, पार्षद नितिन छाबड़ा, मास्टर मदनलाल वर्मा, दुर्गा शंकर सेन, रामबिलास बलाई, देवराज गुर्जर, नटवाड़ा मंडल अध्यक्ष बद्री विजय, अरणिया मंडल अध्यक्ष शिवराज गुर्जर, संत रामकृष्ण वेदांती, परसराम कुमावत, रमाकांत शर्मा, आशु गोड, मोहित चंवररिया, कैलाश नटवाडा व अधिशाषी अधिकारी मनोहरलाल जाट, डीवाईएसपी मृत्युंजय मिश्रा व थानाधिकारी रामजीलाल बैरवा सहित सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे।

## धूमधाम से आज निकाली जाएगी अंजनी पुत्र श्री हनुमानजी की शोभायात्रा

### मिलेगा साधु संतों का पावन सानिध्य, होंगे हैरतअंगेज करतब, सजीव झांकियां होंगी आकर्षण का केंद्र



बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर( राकेश शर्मा )।** श्री हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर शनिवार को सनातन धर्म प्रेमी और सर्व हिन्दू समाज, सवाई माधोपुर द्वारा जिला मुख्यालय पर श्री हनुमान शोभायात्रा प्रातः 11ः15 बजे से गणेश नगर बी से निकाली जाएगी। हिंदुस्तान शिवसेना के प्रदेश प्रभारी जीतू सिंधी ने बताया कि शोभायात्रा के शुभारंभ में टोंक बस स्टैंड स्थित घोटे वाले हनुमान मंदिर में सामूहिक पूजा अर्चना होगी, जो मैन बाजार होते हुए शर्मा होटल, ट्रक यूनियन,अंबेडकर सर्किल,लालसोट बस स्टेंड,बरवाड़ा बस स्टैंड,टोंक रोड़ होते हुए पुनः घोटे वाले हनुमान पर सामूहिक आरती के साथ समापन होगा जिसके बाद प्रसाद वितरण किया जाएगा। हिंदुस्तान शिवसेना के राजस्थान प्रभारी जीतू ने बताया कि शोभायात्रा में निशांत शर्मा राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवसेना हिंद, हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह उर्फ राजा भैया का मार्गदर्शन प्राप्त होगा, वहीं गुरुजी बलराम कृष्ण जी महाराज का सानिध्य प्राप्त होगा।

### अखाड़ा और वीर हनुमान होंगे आकर्षण का केंद्र

आयोजन समिति के अनुसार शोभायात्रा का रूप बहुत विशाल होगा जिसमें पुरुष अखाड़ा, महिला अखाड़ा ओर सरदारों का अखाड़ा अपने अपने हैरत अंग्रेज करतबों से सवाई माधोपुर वासियों का ध्यान आकर्षित करेंगे! वहीं बाबा रामदेव जी का घोड़ा सखियों संग नृत्य करते हुए लुभाएगा और 11 फीट के वीर हनुमान 11 वानरों के साथ अपनी कला से मोहित करेंगे।

## नवरतन व मोहनलाल सहायक प्रादेशिक चुनाव अधिकारी नियुक्त

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की ओर से टोंक प्रदेश में केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार चुनाव कार्यं व अन्य गतिविधियो में सहयोग के लिए सहायक प्रादेशिक चुनाव अधिकारियो की नियुक्ति की गई है। महासभा के प्रादेशिक चुनाव अधिकारी कृष्ण गोपाल विजयवर्गीय मालपुरा वाले की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार नवरतनमल विजयवर्गीय डोडवाड़ी वाले टोंक सेवानिवृत शाखा प्रबन्धक सीसी बैंक व मोहनलाल विजयवर्गीय सेवानिवृत भू अभिलेख निरीक्षक दूनी-देवली को सहायक प्रादेशिक चुनाव अधिकारी मनोनीत किया गया है। प्रादेशिक चुनाव अधिकारी ने बताया कि नव नियुक्त सहायक प्रादेशिक चुनाव अधिकारी केन्द्रीय चुनाव आयोग के निर्देशानुसार टोंक प्रदेश सहित प्रदेश की अन्य सभी स्थानीय शाखाओ के नियमानुसार चुनाव सम्पन्न करवाने में सहयोग प्रदान करेगें।

## अवैध एक नाली बन्दूक के साथ आरोपी गिरफ्तार

**निवाई ( का.स. )।** बरोनी थाना पुलिस ने अवैध एक नाली बन्दूक के साथ आरोपी गिरफतार किया है। थानाधिकारी बृजेंद्रसिंह सिंह ने बताया कि राष्ट्रीय राजमार्ग पर पहाड़ी कट के समीप महेंद्र नायक पुत्र कालू नायक निवासी रजवास को एक नाली बन्दूक के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के अन्तर्गत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## जिले के समस्त पशु चिकित्सक रोगी पशुओं का बेहतर उपचार करना सुनिश्चित करें : डॉ. छोटू लाल बैरवा

### संयुक्त निदेशक ने किया प्रथम श्रेणी पशु चिकित्सालय दूनी का औचक निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**टोंक, (का.स.)।** विभागीय उच्चाधिकारियों के निर्देश पर पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. छोटूलाल बैरवा ने शुक्रवार को जिले के प्रथम श्रेणी पशुचिकित्सालय दूनी का औचक निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक बैरवा ने पशुचिकित्सालय परिसर में नोडल क्षेत्र दूनी के सभी चिकित्सकों, पशुधन सहायक, पशुधन परिचर, जलधारी एवं गडरियों की बैठर लेकर निर्देश दिए कि क्षेत्र के पशुपालकों को किसी भी समस्या के लिए परेशान नहीं होना पड़े। चिकित्सक एवं पशुधन सहायक गर्मी जनित बीमारियों के बचाव के लिए नियमित टीकाकरण के साथ-साथ चिकित्सालय में आपात स्थिति में आने वाले पशुओं का बेहतर उपचार करें। संयुक्त निदेशक डॉ. बैरवा ने पशु चिकित्सालय का निरीक्षण करते हुए पशुओं का उपचार कराने आए पशुपालकों से उनके पशुओं को मिल रहे उपचार की जानकारी लेकर चिकित्सकों व अन्य स्टाफ को अस्पताल की साफ-सफाई व्यवस्था में सुधार लाने के निर्देश दिए। उन्होंने पशु रोगी पंजीकरण कक्ष, औषधि वितरण एवं औषधि भंडार का भी निरीक्षण किया। संयुक्त निदेशक ने बैठक लेकर चिकित्सालय प्रभारी को निर्देश दिए कि हॉस्पिटल के समस्त कार्मिक राज्य सरकार की मंशा के अनुसार प्रो-एक्टिव एप्रोच एवं अलर्ट मोड़ पर रहकर कार्य करते हुए रोगी पशुओं का उपचार करना सुनिश्चित करें, इसमें चिकित्सकों की किसी भी तरह की लापरवाही को स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस दौरान डॉ. विवेकानंद, डॉ. किरण भाठ, अमित चौधरी, रामदास धाकड़ समेत अन्य कार्मिक मौजूद रहे।

## साधारण सभा की बैठक आज

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा (कृष्णचन्द्र विजय )।** क्रय विक्रय सहकारी समिति मालपुरा की वार्षिक साधारण सभा (आम सभा) 12 अप्रैल शनिवार को दोपहर 1.15 बजे समिति चेयरमेन भंवरलाल मुवाल की अध्यक्षता में घाटी रोड स्थित नसियां बालाजी मन्दिर परिसर में आयोजित होगी। समिति के मुख्य व्यवस्थापक ओमप्रकाश चौधरी व लेखाकार भंवरलाल विजय ने बताया कि आम सभा में गत आम सभा की पुष्टि के अलावा वर्ष 2023-24 के व्यापार खाते, लाभहानि खाते व संतुलन चित्र के अनुमोदन के अलावा अन्य विषय अध्यक्ष की अनुमति से रखे जा सकेगें।

## मंत्री झाबरसिंह खर्रा व मंत्री कन्हैयालाल चौधरी व विधायक वर्मा का किया स्वागत



बढ़ता राजस्थान

**निवाई/टोंक (का.स.)।** औद्योगिक क्षेत्र में नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य शासन विभाग मंत्री झाबरसिंह खर्रा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल, जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान का कैलाश उद्योग पर निदेशक विष्णु कुमार, राहुल कुमार बोहरा, कैलाशचंद जैन, ताराचंद जैन, प्रेमचंद बोहरा, राजेन्द्र बोहरा, हुकमचंद जैन, पवन बोहरा, सुनील भाणजा, विमल जौंला, रोनक बोहरा, चेतन जैन व एडवोकेट अशोक जैन ने राजस्थानी परॅपरानुसार साफा और माला पहनाकर स्वागत सत्कार किया। इसी प्रकार निवाई के एक दिवसीय दौरे के दौरान खणदेवत रोड पर स्थित दादू दयाल आश्रम पर पहुंचकर नगरीय विकास एवं स्वास्थ्य शासन विभाग मंत्री झाबरसिंह खर्रा, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक एवं भूजल विभाग मंत्री कन्हैयालाल चौधरी, विधायक रामसहाय वर्मा, जिला प्रमुख सरोज बंसल ने जिलाध्यक्ष चन्द्रवीरसिंह चौहान ने छोटे बाबा व बडे बाबा की छातरी पर पुष्प चढाकर श्रृद्धांली देते हुए नमन किया।

## मालपुरा क्षैत्र विकास की दृष्टि से रहेगा अग्रणी : कन्हैयालाल चौधरी

### मालपुरा शहर में होगें करोड़ो के विकास कार्य

बढ़ता राजस्थान



**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षेत्र से लगातार तीसरी बार विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने सम्पूर्ण मालपुरा विधानसभा क्षैत्र विकास की दृष्टि से अग्रणी रहने के साथ साथ मालपुरा शहर में करोड़ो रूपये के विकास कार्य होगें। प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं मालपुरा टोडारायसिंह विधानसभा क्षैत्र से लगातार तीसरी बार विधायक कन्हैयालाल चौधरी गत दिनो मालपुरा प्रवास के दौरान पत्रकारो से रूबरू होते समय बताया कि वे मालपुरा क्षैत्र के विकास के लिए पूरी तरह से कटिबद्ध हैं। इसी क्रम में चौधरी ने बताया कि आने वाले समय में मालपुरा क्षैत्र में पेयजल संकट को दूर करने के लिए लगभग 100 करोड़ रूपयो की योजनाऐं तैयार की जा रही है। जिनमें नवगठित डिग्गी व लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका सहित बृजलालनगर वासियो को प्रति व्यक्ति मिल रहे 55 लीटर पेयजल को बढ़ाकर अब 100 लीटर पेयजल उपलब्ध कराया जाएगा। इसके अलावा मालपुरा शहर में 35 करोड़ की सिवरेज लाईन डालने व विधुत लाइनो को भूमिगत करने पर व्यय किया जाएगा। मालपुरा शहर के बम्ब तालाब को झील सरंक्षण योजना के अन्तर्गत टोडारायसिंह के आमा सागर की तर्ज पर पर्यटक स्थल के रूप में विकसित करने के व सौन्दर्यकरण कार्यो पर 50 करोड़ रूपये व्यय किए जाएगें। वर्तमान मालपुरा बस स्टेण्ड छोटा पड़ने के चलते अति आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित 4 से 5 बीघा क्षैत्र में नए बस स्टेण्ड का निर्माण भी करवाया जाएगा। चौधरी ने विश्वास दिलाते हुए बताया कि मालपुरा नगरपालिका को ई भूखण्ड निलामी से 9 करोड़ रूपयो की आय हो चुकी है। नगरपालिका मालपुरा द्वारा निकट समय में ही ई निलामी के माध्यम से आवासीय व व्यवसायिक भूखण्डो की योजना पर काम किया जा रहा है। मालपुरा शहर की मुख्य सड़को को नया बनाए जाने के अलावा ग्रामीण क्षेत्रो में सड़को का जाल बिझेगा जिससे आवागमन सुलभ होगा और आम जन को राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि सरकारी कार्यालयो में व्याप्त भ्रष्टाचार को पूरी तरह से समाप्त करने के लिए निरन्तर प्रयास कर रहे हैं।

## खुशखबरी : आरएसआरटीसी की नई योजना, अब ट्रेन की तर्ज पर रोडवेज बस की मिलेगी लाइव लोकेशन

### रोडवेज प्रशासन जल्द ही करेगा आरएसआरटीसी लाइव ऐप लॉन्च

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर/जयपुर( नि.स. )।** बस यात्रियों के लिए खुशखबर! भारतीय रेलवे जिस तरह ट्रेन की लाइव लोकेशन से यात्रियों को हर पल अपडेट करता है। इसी तर्ज पर प्रदेश में रोडवेज भी 2500 बसों की लाइव लोकेशन यात्रियों के साथ ऐप के माध्यम से साझा करेगा। इससे यात्रियों को स्टैंड पर खड़े रहकर बस का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। बस कहां से रवाना होकर कहां पहुंची, इसकी जानकारी ऐप के माध्यम से मोबाइल पर मिल जाएगी। इसके लिए रोडवेज प्रशासन जल्द ही आरएसआरटीसी लाइव ऐप लॉन्च करने जा रहा है।

**नए बस स्टैण्ड का होगा कायाकल्प, 45 लाख के प्रस्ताव भेजे, जल्द बसों का संचालन शुरू होगा**

**2170 बसों को ऐप से जोड़ा गया :** अभी प्रदेश में रोडवेज के बेड़े में 3800 बसें ऑपरेशनल है। इनमें से 2170 बसों को ऐप से जोड़ लिया गया है। इन बसों की लाइव लोकेशन ट्रेकिंग भी हो रही है। आरएसआरटीसी ऐप पर 2500 बसों को जोड़कर लॉन्च किया जाएगा। यात्रियों को बस टिकट पर ट्रेन की भांति पीएनआर नंबर दर्ज मिलेगा। जिसे ऐप पर डालने से बस का लाइव स्टेट्स मिलने लगेगा। बस कहां और किस मार्ग से आ रही है, आगे का मार्ग क्या रहेगा, यह बस पता चल जाएगा।

### यह सुविधा देगा रोडवेज का ऐप

**वॉयस अलर्ट फीचर :** बस की दूरी और आगमन समय की ऑडियो जानकारी मोबाइल पर मिल सकेगी।

**एसएमएस अपटेड :** कीपेड मोबाइल रखने वाले यात्रियों को एसएमएस के माध्यम से जानकारी मिलेगी।

**एआइ आधारित सिस्टम :** ट्रैफिक व मौसम की वजह से व्यवधान पर बस की सही जानकारी मिल सकेगी।

**विद्यार्थियों और नौकरीपेशा को राहत :** रोडवेज की इस ऐप सेवा से रोजाना कार्य स्थल तक आवागमन करने वाले विद्यार्थी और नौकरीपेशा लोगों को बस की जानकारी तुरंत मिलने से बड़ी राहत मिलेगी।

### एक नजर में रोडवेज

1. 3800 बसें बेड़े में शामिल।
2. 2170 बसें वर्तमान आरएसआरटीसी ऐप से जुड़ी।
3. 2500 बसें ऐप से जोड़कर लागू करेंगे सुविधा।
4. 2017 मॉडल के बाद की सभी बसों में जीपीएस

### यह होगा फायदा

**समय की बचत :** मोबाइल से बस के आने-जाने के समय की सही जानकारी मिलने से समय की बचत होगी।

**यात्रा की प्लानिंग :** विद्यार्थी, महिलाएं और बुजुर्ग यात्रा की बेहतर प्लानिंग कर सकेंगे।

## सम्पादकीय

# टैरिफ की आंधी में अवसर तलाशता भारत

अमेरिका के राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने तथाकथित जवाबी शुल्क को 90 दिनों के लिए स्थगित कर दिया और इस बात ने उनके सर्वाधिक करीबी सलाहकारों में से भी कुछ को चकित किया है। एक तरह से यह दिखाता है कि निर्णय ठोक बजाकर नहीं लिए जा रहे हैं और इसके चलते वैश्विक वित्तीय बाजार और अर्थव्यवस्था भारी अनिश्चितता के दौर से गुजर रही है। चाहे जो भी हो इस स्थगन ने वित्तीय बाजारों को अत्यावश्यक राहत प्रदान की है। उदाहरण के लिए अमेरिका में एसऐंडपी 500 बुधवार को 9.5 फीसदी ऊपर गया। चूंकि गुरुवार को भारत में बाजार बंद रहे इसलिए उन पर इसका असर शुक्रवार को देखने को मिल सकता है। संशोधित योजना के अनुसार सभी देशों के लिए 10 फीसदी का बुनियादी टैरिफ बरकरार रहेगा जबकि भारत समेत चुनिंदा कारोबारी साझेदारों पर लगाया गया जवाबी शुल्क फिलहाल स्थगित रहेगा। उम्मीद है कि अगले 90 दिनों में कारोबारी साझेदार किसी ऐसे समझौते पर पहुंच जाएंगे जो ट्रंप प्रशासन को 'उचित' प्रतीत होगा। ध्यान देने वाली बात है कि चीन इस योजना का हिस्सा नहीं है और अमेरिका आने वाले चीनी आयात पर चीन पर टैरिफ 125 प्रतिशत कर दिया गया है। चीन को बाहर रखने और ऐसे प्रतिशोधात्मक टैरिफ लगाने का अर्थ है कि जोखिम वैश्विक व्यापार और वृद्धि से परे भी हो सकता है। अब यह स्पष्ट है कि ट्रंप के कदमों के कारण वित्तीय बाजारों में मची उथल पुथल थोड़ी धीमी पड़ सकती है। बीते कुछ दिनों में बॉन्ड बाजारों में बिकवाली वॉल स्ट्रीट में कुछ लोगों के लिए खासी चिंताजनक है। आमतौर पर जब शेयरों की कीमत गिरती है तो पैस बॉन्ड की ओर जाता है जिससे बॉन्ड कीमतों में इजाफा होता है। शुरुआत में यही हुआ। बहरहाल बीते कुछ दिनों से बॉन्ड कीमतों में गिरावट आनी आरंभ हो गई। यह बताता है कि निवेशक कहीं अधिक चिंतित हैं। अमेरिकी सरकार के डेट बाजार का गलत आवंटन दुनिया भर के अन्य बाजारों के लिए कठिनाई पैदा कर सकता है। यकीनन वित्तीय बाजारों ने इस कारोबारी झटके को लेकर अनुमान के मुताबिक ही प्रतिक्रिया दी है। यह चकित करने वाली बात है कि ट्रंप और उनके सलाहकारों ने अलग नतीजों की उम्मीद की थी। बहरहाल, वित्तीय बाजारों में सुधार जहां समझा जा सकता है वहीं बुनियादी स्तर पर कुछ खास नहीं बदला है। यह केवल एक ठहराव है और ट्रंप ने अपने लक्ष्य हासिल करने में टैरिफ के महत्व को लेकर मन नहीं बदला है। ऐसे में अगले 90 दिनों तक कारोबारी साझेदारों के लिए बातचीत आसान नहीं होगी और वैश्विक बाजारों में अनिश्चितता का स्तर बढ़ा रहेगा जो वैश्विक वृद्धि को प्रभावित करेगा। जैसा कि बीते कुछ दिनों के प्रमाण बताते हैं अमेरिका साझेदार देशों द्वारा टैरिफ कम करने से संतुष्ट नहीं होगा। मसलन वियतनाम द्वारा अमेरिकी आयात पर शून्य शुल्क भी अमेरिकी प्रशासन को संतुष्ट नहीं कर सका। ट्रंप के लिए विभिन्न देशों के साथ व्यापार घाटा सही नहीं है और उसे दूर किया जाना चाहिए। यह संभव नहीं होगा क्योंकि चीजें इस तरह काम नहीं करतीं। वास्तव में दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वैश्विक व्यापार और आर्थिक व्यवस्था पर सवाल उठा रही है।

इससे व्यवस्था में अस्थिरता आना तय है। भारत को अमेरिका के साथ संबद्धता बनाए रखनी होगी।भारत अपेक्षाकृत बेहतर स्थिति में है क्योंकि उसने जवाबी टैरिफ की घोषणा के काफी पहले द्विपक्षीय व्यापार समझौते पर बातचीत शुरू कर दी थी। यह दोहराना सही होगा कि टैरिफ कम करना तथा अधिकांश वस्तुओं पर अन्य कारोबारी प्रतिबंध भारत के हित में हैं। इससे भारत को बहुप्रतीक्षित व्यापार वार्ताओं को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। मसलन यूरोपीय संघ और यूनाइटेड किंगडम के साथ बातचीत। हालांकि भारतीय अर्थव्यवस्था अमेरिकी व्यापार नीति के कारण अनिश्चितता की अवधि से गुजरना होगा। यह भी स्पष्ट नहीं है कि अगले कुछ महीनों में हालात क्या मोड़ लेंगे।

## आज का इतिहास – बढ़ता राजस्थान

### 12 अप्रैल की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- सिख गुरु तेग बहादुर का 1621 में जन्म।
- विलियम क्रे को 1801 में कलकत्ता (अब कोलकाता) के फोर्ट विलियम कॉलेज में बंगाली भाषा का प्रोफेसर नियुक्त किया गया।
- रणजीत सिंह ने 1801 में खुद को पंजाब का महाराजा घोषित किया।
- अमेरिका में 1861 में गृह युद्ध शुरू हो गया था।
- ब्रिटिश कैबिनेट ने 1927 में 21 वर्ष की महिलाओं को मतदान करने का अधिकार देने का समर्थन किया।
- जर्मन विमान ब्रेमेन ने 1928 में अटलांटिक महासागर के पूर्व से पश्चिम की ओर पहली सफल उड़ान भरी।
- अमेरिकी राष्ट्रपति फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट की 1945 में कार्यालय में मृत्यु।
- सीरिया पर 1946 में फ्रांस का कब्जा समाप्त हुआ।
- डॉ जोंस साक द्वारा विकसित पोलियो वैक्सीन को 1955 में सुरक्षित और प्रभावी घोषित किया गया।
- सोवियत संघ ने 1961 में पहला इंसान यूरी गैगरीन को अंतरिक्ष में भेजा।
- सुडान ने 1973 में अपना संविधान बनाया।
- भारतीय रेलवे के 125 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में 1978 में देश की पहली डबल डेकर ट्रेन सिंहगढ़ एक्सप्रेस बाम्बे (अब मुम्बई) के विक्टोरिया टर्मिनल से पुणे तक चलायी गयी।
- अंतरिक्ष यान कोलंबिया 1981 में पहली बार प्रेक्षेपित किया गया।
- सन 1991 में खाड़ी युद्ध औपचारिक रूप से समाप्त।
- हैदराबाद के हुसैन सागर झील में 1992 में विशालकाय बुद्ध प्रतिमा स्थापित की गई।
- गिरिजा प्रसाद कोइराला 1998 में नेपाल के नये प्रधानमंत्री नियुक्त।
- साइप्रस के राष्ट्रपति तसोस पापादोलस 2006 में 6 दिवसीस यात्रा पर भारत पहुंचे।
- पाकिस्तान ने 2007 में ईरान गैस पाइनलाइन पर भारत को मंजूरी दी।
- अफ़ग़ानिस्तान में 2008 में भारतीयों के एक काफ़िले पर हुए आत्मघाती हमले में दो भारतीय इंजीनियरों सहित तीन लोगों की मौत।
- जिम्बाब्वे ने 2009 में अपनी आधिकारिक मुद्रा 'जिम्बाब्वे डॉलर' का त्याग किया।
- लुधियाना, पंजाब (भारत) के गुरु नानक देव स्टेडियम में 2010 में भारतीय कबड्डी टीम ने पाकिस्तान की टीम को 58-24 से पराजित कर प्रथम विश्व कप कबड्डी प्रतियोगिता जीत ली।
- फ्रांस की सीनेट ने 2013 में समलैंगिक विवाह को मान्यता दी।
- मशहूर गीतकार गुलज़ार को 2014 में वर्ष 2013 के लिए दादासाहब फालके पुरस्कार दिया गया।

### 12 अप्रैल को जन्मे व्यक्ति

- मोहनजोदड़ो की खोज करने वाले प्रसिद्ध इतिहासकार राखलदास बनर्जी का 1885 में जन्म हुआ।

## विशेष आलेख

# हनुमान जयंती आज : 57 साल बाद बना है पंचग्रही योग का दुर्लभ संयोग

### पंचमुखी हनुमान की कृपा से 5 गुना लाभ पाएंगे मेष सहित 5 राशियों के लोग



– पंडित ताराचंद शास्त्री

**आज शनिवार को (12 अप्रैल 2025) रामभक्त श्री हनुमान जी जयंती बहुत ही दुर्लभ संयोग में मनाई जाएगी।मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान के अध्यक्ष ताराचन्द्र शास्त्री बताते हैं कि 57 साल बाद हनुमान जयंती पर 5 ग्रह एक साथ मीन राशि में होंगे और चंद्रमा एवं केतु भी कन्या राशि में रहेंगे। ऐसा संयोग 1968 में बना था। मीन राशि में सूर्य, बुध, शनि, राहु और शुक्र ग्रह एक साथ गोचर कर रहे हैं जिससे पंचग्रही योग बनेगा।**

आचार्य ताराचंद शास्त्री के अनुसार पंचग्रही योग के प्रभाव से यह हनुमान जयंती मेष और मिथुन सहित 5 राशियों के लिए बहुत ही लकी रहेगा। हनुमानजी की कृपा से इन राशियों के बिगड़े कार्य एक के बाद एक बनते चले जाएंगे और बड़ी मात्रा में कारोबार में लाभ होने की उम्मीद रहेगी।

आचार्य ताराचंद शास्त्री के अनुसार मीन राशि में एक साथ 5 ग्रह गोचर कर रहे हैं और उनके योग संयोग से एक साथ 4 बड़े राजयोग इस शुभ अवसर के प्रभाव को और बढ़ा रहे हैं। मीन राशि में शुक्र और बुध की युति से लक्ष्मी नारायण राजयोग बन रहा है। सूर्य और बुध की युति से बुधादित्य राजयोग बन रहा है। शुक्र उच्च राशि मीन में गोचर करते हुए मालव्य राजयोग बना रहे हैं। साथ ही सूर्य और शुक्र की युति से शुक्रादित्य राजयोग बन रहा है। मीन राशि में चार राजयोग के महासंयोग से हनुमान जयंती का उत्सव मेष और मिथुन सहित कई राशियों के लिए बहुत ही लकी साबित होने वाला है। इन राशियों पर बजरंगबली की विशेष कृपा होगी और इनके सभी रुके कार्य बनने शुरू हो जाएंगे।

**मेष राशि – बिजनस में सफलता प्राप्त करेंगे :** पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव पर मीन राशि में बन रहे पंचग्रही योग से मेष राशि के लोगों के जीवन में सुख और सौभाग्य की वृद्धि होगी। मेष के जातकों के लिए यह समय नया घर या फ्लैट खरीदने के लिए शुभ है और उनको अपने बिजनस में शानदार सफलता हासिल होगी। वे अपने बिजनस में सफलता प्राप्त करेंगे और उनका स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। हनुमान जी की कृपा से उनकी परेशानियां दूर होंगी और उनको अपने करियर में आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे।

**मिथुन राशि – आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे :** मां कामाख्या ज्योतिष शोध संस्थान के अध्यक्ष ताराचंद शास्त्री के अनुसार हनुमान जयंती पर बन रहे शुभ संयोग से मिथुन राशि के लोगों को बहुत फायदा होगा। हनुमानजी की कृपा से उन्हें आगे बढ़ने के मौके मिलेंगे और दोस्तों और साथ काम करने वालों से मदद मिलेगी, जिससे उनकी परेशानियां कम होंगी। नौकरी करने वालों को ऑफिस में सबका साथ मिलेगा और उनकी तारीफ होगी। बजरंगबली के आशीर्वाद से मिथुन राशि वाले दुश्मनों और बुरी ताकतों से बचेंगे और उनके आसपास अच्छा माहौल रहेगा।

**कन्या राशि –किस्मत खुलने वाली है :** पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार हनुमान जयंती पर कन्या राशि वालों की किस्मत खुलने वाली है। बजरंगबली की कृपा से जीवन के कई क्षेत्रों में सकारात्मक बदलाव आने के संकेत हैं। उन्हें भाग्य का पूरा साथ मिलेगा और कहीं से रुका हुआ पैसा मिल सकता है। इस राशि के लोगों को निवेश या जमीन-जायदाद से जुड़े मामलों में लाभ होगा। अगर आप खुद का व्यवसाय शुरू करना चाहते हैं, तो यह समय बहुत अनुकूल है। जीवनसाथी के साथ रिश्ता और भी मजबूत होगा। घर का माहौल शांत और खुशहाल रहेगा। खुद को ज्यादा ऊर्जावान और आत्मविश्वासी महसूस करेंगे।

**कुंभ राशि –नई ऊर्जा, साहस और सफलता मिलेगी :** पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार हनुमान जन्मोत्सव 2025 पर बन रहे खास योग कुंभ राशि वालों के जीवन में नई ऊर्जा, साहस और सफलता लेकर आ रहे हैं। इस अवसर पर शुभ योग बनने से वे ऊर्जा से भरे रहेंगे और हनुमान जी की कृपा से वे साहस के साथ फैसले लेंगे और ऊंचाइयों को छुएंगे। युवाओं को नौकरी मिलने का अवसर मिलेगा। बिजनस में भी तरक्की होगी और अच्छा मुनाफा कमाने के मौके मिलेंगे। इससे बाजार में उनकी इज्जत बढ़ेगी। आप हर चुनौती का डटकर सामना करेंगे



और आपके साहसी फैसले आपको सफलता की ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

**मीन राशि– आर्थिक रूप से यह दिन खास है :** पंडित ताराचंद शास्त्री के अनुसार मीन राशि में ही एक साथ 5 ग्रहों का गोचर हो रहा है। इसलिए इसका सबसे ज्यादा असर आप पर ही होगा। इस दिन आपके मन में कई विचार आएंगे और आर्थिक रूप से यह दिन खास है। कोई भी बड़ा काम शुरू करने से पहले समझदार लोगों से सलाह जरूर लें। जीवनसाथी की बातों को अनदेखा न करें और अपनी सेहत का ख्याल रखें। धार्मिक कार्यों में मन लगाएं। हनुमान जयंती पर बूंदी और काले चने का प्रसाद गरीब और जरूरतमंद लोगों में बांटें।

# राणा के बहाने पाकिस्तान का पूरा आतंकी सच उजागर हो



– ललित गर्ग

**मुंबई में भीषण, खौफनाक एवं दर्दनाक आतंकी हमले की साजिश रचने और उसे अंजाम देने में सक्रिय रूप से शामिल रहने वाले पाकिस्तान मूल के कनाडाई नागरिक तहव्वुर हुसैन राणा को अमेरिका से भारत लाया जाना किसी उपलब्धि से कम नहीं है, यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की कूटनीतिक जीत एवं भारत की कानून की बड़ी सफलता है। लगभग 170 लोगों की दर्दनाक मौत, क्रूरता एवं अमानवीयता का डरावना मंजर एवं देशवासियों की आंखों को गमगीन करने वाले इस आतंकी हमले के मास्टरमाइंड राणा का अमेरिका से प्रत्यर्पण भारत के लिये एक उजली किरण बनकर प्रस्तुत हुई है।**

26-11-2008 एक ऐसी डरावनी तारीख है जिसे याद करके देशवासी सिहर जाते हैं। दहशत की तस्वीरें आंखों के सामने आ जाती हैं। यह तारीख मुम्बई के पुराने घाव को न केवल कुरेदती है बल्कि टीस भी पैदा करती है कि 150 करोड़ का यह देश अब तक क्यों नहीं राणा का प्रत्यर्पण कराकर उसे दर्दनाक सजा दे पाया। अब राणा के भारत के शिकंजे में आ जाने से 26-11 के घावों पर कुछ मरहम लगेगा क्योंकि मुम्बई एवं देश आज भी जख्मों का हिसाब मांगती है। देर आये दुरस्त आये की कहावत को चरितार्थ करते हुए अब देश का खतरनाक दुश्मन हाथ आ गया है तो उसे ऐसी सजा दी जाये कि न केवल पाकिस्तान, पाकिस्तानी आतंकवादी संगठन एवं दुनिया में आतंक फैलाने वाले सहम जाये कि भविष्य में ऐसी घटना करने का दुस्साहस न कर सके। यह तो तय है कि राणा से पूछताछ में कई राज खुलेंगे, लेकिन यक्ष प्रश्न यह है कि क्या उसे फांसी की सजा देना संभव होगा? भारत सरकार को ऐसे कूटनीतिक एवं साहसिक प्रयत्न करने होंगे, जिससे उसे फांसी की सजा देना संभव हो सके और वह भी कम से कम समय में। मुंबई हमले के दौरान पकड़े गए आतंकी अजमल कसाब को सजा देने में चार साल लग गए थे। इतनी देरी राणा के मामले में नहीं होनी चाहिए। यह ऐसा मामला है, जिस पर देश के साथ दुनिया की भी निगाह होगी। राणा की सजा से ही भारत के न्यायतंत्र की त्वरता एवं तत्परता सामने आयेगी। क्योंकि खूंखार आतंकियों को सजा देने में देरी से आतंक से लड़ने की प्रतिबद्धता पर प्रश्नचिह्न टंकते है। 17 साल बाद आज भी महानगर मुम्बई की वह काली रात एवं गोलियों की गूंज से सब दहल उठते है, सहम जाते हैं। उस दिन पाक प्रशिक्षित लश्कर-ए-तैयबा के 10 आतंकवादियों ने एक साथ कई जगहों पर हमला किया। लियो पोर्ल्ड कैफे और छत्रपति शिवाजी टर्मिनल से शुरू हुआ मौत का दर्दनाक तांडव ताजमहल होटल में जाकर खत्म हुआ। जिसमें आतंकवाद निरोधक दस्ते यानि एटीएस प्रमुख हेमंत करकरे, मुम्बई पुलिस के अतिरिक्त आयुक्त अशोक कामटे और पुलिस इंस्पैक्टर विजय सालस्कर शहीद हुए।

आतंकवादी कसाब को जिन्दा पकड़ने वाले साहसी सब इंस्पैक्टर तुकाराम को कौन भुला सकता है, जो एक दूसरे आतंकवादी की गोलियों का शिकार होकर भी, जान की बाजी लगाकर कसाब को पकड़ने में सफलता पायी, भले ही इस एकमात्र पाकिस्तानी आतंकवादी कसाब को सजा-ए-मौत दी गई लेकिन इस हमले ने क्रूरता के जो निशान छोड़े वे आज भी मुम्बई में मौजूद हैं, भारत के जन-जन के हृदय पटल पर अंकित है। कौन नहीं जानता कि तहव्वुर राणा ने दाऊद सईद गिलानी यानि डेविड कोलमैन हेडली के साथ मिलकर हमले की साजिश रची थी। डेविड हेडली ने अपनी पहचान छिपाने के लिए मुम्बई में फर्स्ट वर्ल्ड इमीग्रेशन सर्विसिज के नाम से एक कम्पनी का कार्यालय खोला और खुद को बिजनेसमैन के

## शख्सियत – बढ़ता राजस्थान

नमस्कार साथियों हमारे आज की शख्सियत कॉलम के स्टार है राजस्थान पुलिस के जांबाज पुलिस इंस्पेक्टर जहीर अब्बास। मामला साइबर क्राइम का हो या फिर सामाजिक अपराध का अपराधियों को उनके तह तक पहुंच कर अपनी टीम के साथ डिटेन करके उनको गिरफ्तार करके लाने वाले जांबाज सूरमा का नाम जहीर अब्बास है। मुझे आज भी याद है जब यह टपूकड़ा थाना अधिकारी थे उसे समय सब इंस्पेक्टर थे और साइबर फ्रॉड मामले में एटीएम ठगी और एटीएम उखाड़ कर ले जाने की वारदात करने वाले एक नामी बदमाश को जिसने पुलिस की नाक में दम कर रखा था उसे अपनी पुलिसिंग स्टाइल में गिरफ्तार किया। अपने शानदार छवि के कारण सब लोगों में एक अलग तरीके की इमेज जाहिर अब्बास की बनी हुई है। ये जहां भी रहे वहां पूरी मुस्तादी और पूरी कर्तव्य निष्ठा के साथ काम किया। ऐसे में अपराधी उस इलाके से या तो पलायन कर गए या फिर लोगों ने अपराध की दुनिया का दामन छोड़ दिया। टपूकड़ा थाना अधिकारी रहते हुए कई बड़े-बड़े अपराधियों को उनकी सही जगह पर पहुंचने का प्रयास किया कई मामलों में वांछित और इनामी बदमाशों को अपनी जान की परवाह न करते हुए धर पकड़ अभियान में गिरफ्तार किया। ऐसे में राजस्थान पुलिस के तत्कालीन पुलिस महानिदेशक निदेशक ने इन्हें विशेष पदोन्नति के तहत पुलिस उप निरीक्षक पद से पुलिस निरीक्षक पद पर पदोन्नति किया शानदार थाना अधिकारी हैं जहां भी जिस भी थाने में रहे वहां का स्टाफ और कर्मचारी और पीड़ित व परिवादी उनके फैन बन गए। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम ऐसे शानदार अधिकारी की उज्जवल भविष्य की कामना करता है।

रूपक शर्मा



जहीर अब्बास
पुलिस इंस्पेक्टर

## 2025_096 a बढ़ता राजस्थान

### Suduko

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | 6 | | 3 |
| 8 | | | 2 | 9 | 3 | 1 | 7 | 5 |
| 1 | | 7 | 4 | 6 | | 8 | 9 | |
| 6 | | 3 | | 5 | | | 2 | 4 |
| 2 | | | 3 | | | | | 7 |
| | | 8 | 9 | | 2 | | | |
| 3 | 2 | 6 | 8 | | | 4 | | |
| 4 | 8 | 1 | | | | 7 | | |
| 9 | | 5 | | 3 | 4 | | | |

### Ans_2025_095

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 6 | 4 | 7 | 3 | 1 | 5 | 8 | 2 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 7 | 6 | 1 |
| 1 | 7 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 | 9 | 4 |
| 2 | 3 | 1 | 8 | 4 | 6 | 9 | 5 | 7 |
| 6 | 8 | 7 | 9 | 2 | 5 | 1 | 4 | 3 |
| 5 | 4 | 9 | 1 | 7 | 3 | 6 | 2 | 8 |
| 4 | 1 | 8 | 5 | 9 | 7 | 2 | 3 | 6 |
| 7 | 5 | 2 | 3 | 6 | 8 | 4 | 1 | 9 |
| 3 | 9 | 6 | 2 | 1 | 4 | 8 | 7 | 5 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**

आप तन-मन से स्वस्थ होकर कई तरह के काम आसानी से पूरे कर पाएंगे। सफलता मिलने से आपके उत्साह में वृद्धि होगी। आज भाग्य आपका साथ देगा। इनकम बढ़ेगी। परिजनों के साथ आनंद एवं उल्लास से समय गुजरेगा।

**वृष**

बाहर जाना हो सकता है। माता के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सरकारी लाभ होगा एवं स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। आज आप का दिन मध्यम फलदायी रहेगा। पहले से निर्धारित काम के लिए आपका प्रयास ज्यादा रहेगा।

**मिथुन**

पानी वाली जगहों से दूर रहें। आज धन का व्यय अधिक होगा। आज आपका दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा। रोमांस के लिए आज का दिन अच्छा है और किसी खास व्यक्ति का साथ आपको आनंद देगा। धन लाभ होगा।

**कर्क**

संतान पक्ष से अच्छे समाचार मिलेंगे। नौकरीपेशा लोगों से आपको लाभ होगा। आय में वृद्धि होगी। वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज का दिन आपके लिए अनुकूल है। आप आज हर काम सरलता से पूरे कर पाएंगे।

**सिंह**

अविवाहितों को योग्य जीवनसाथी मिलने के योग हैं। धन प्राप्ति के अवसर मिलेंगे। मित्रों से अचानक हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी। मित्रों से लाभ होगा। आज आपको अच्छा खाना नसीब होगा। मित्रों से लाभ होगा।

**कन्या**

माता से लाभ होने के संकेत आपको मिल रहे हैं। मित्र और संबंधियों से घर का वातावरण अच्छा रहेगा। आज अचानक होने वाली घटनाओं से आप चिंतित रहेंगे। स्वास्थ्य खराब होने और आंखों में दर्द होने की आशंका बनी रहेगी। शत्रुओं पर विजय प्राप्त होगी।

**तुला**

आज आपके धार्मिक एवं मांगलिक कामों में व्यस्त रहने की संभावना ज्यादा रहेगी। आप में आज क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए आप सावधान ही रहें। संतान एवं व्यापार की परेशानियों के कारण आपका मन अशांत रहेगा।

**वृश्चिक**

नौकरी में आपके अधिकारी खुश रहेंगे। आपकी पदोन्नति के योग हैं। अधिकारियों के साथ किसी महत्वपूर्ण बात पर चर्चा होगा। परिजनों के साथ खुले मन से बातचीत होगी। घर के डेकोरेशन पर कुछ खर्च हो सकता है।

**धनु**

आपका शारीरिक एवं मानसिक आरोग्य अच्छा रहेगा। जरूरी कामों पर धन खर्च होगा। बीमार व्यक्तियों के स्वास्थ्य में सुधार होगा। दफ्तर में सहकर्मियों का अच्छा साथ मिलेगा। महिलाओं के मायके से समाचार आने के योग हैं।

**मकर**

हेल्थ का ध्यान रखने और खासकर बाहर के खाने-पीने से परहेज करने की सलाह आपको दी जाती है। आज आपमें क्रोध की मात्रा अधिक रहेगी, इसलिए वाणी में गुस्सा ना रखें। परिजनों से उग्र चर्चा के कारण मनमुटाव न हो।

**कुंभ**

मित्र एवं प्रियजन आपके प्रवास को आनंद से भर देंगे। नए वस्त्रों की खरीदी के योग हैं। तन-मन की तंदुरस्ती अच्छी रहेगी। अच्छे भोजन एवं वैवाहिक सुख की अनुभूति होगी। आज आप के घर में सुख शांति और आनंद का माहौल रहेगा।

**मीन**

स्वजनों एवं परिजनों के साथ विवाद हो सकता है। आज कोई नया काम शुरू ना करें। आय की अपेक्षा खर्च अधिक होगा और ज्यादा परिश्रम के बाद ही सफलता मिलेगी। दुर्घटना हो सकती है, सावधान रहें। आज आपका दिन बहुत लाभदायी है।

# पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित

**एसपी ने पेंडिग प्रकरणों का निस्तारण कर विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ कर गिरफ्तार करने के दिये निर्देश**

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कस्बे के पूतली रोड़ श्री दुर्गा माता मंदिर के सामने स्थित जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय में गुरूवार को एसपी राजन दुष्यंत की अध्यक्षता में पुलिस अधिकारियों की अपराध समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिसमें एसपी राजन दुष्यंत ने पेंडिग प्रकरणों का अधिक से अधिक निस्तारण कर पेंडेंसी कम करने, दुपहिया व चौपहिया वाहन चोरी के संबंध में नाबालिग बच्चों के अपहरण/व्यपहरण के पेंडिग प्रकरणों के निस्तारण, पेंडिग एमपीआर के निस्तारण, एम.वी.एक्ट के तहत संचालित अभियान, रेंज स्तरीय अभियान आपरेशन क्लीन स्वीप, विशेष अभियान खुशी-इक्स के संबंध में प्राथमिकता के आधार पर शीध्र निस्तारण करने, आपराधिक प्रवृति के अपराधियों को चिन्हित कर गुण्डा एक्ट व राजपासा के तहत प्रभावी कार्यवाही करने तथा विभिन्न प्रकरणों में वांछित अपराधियों की धरपकड़ कर उन्हें गिरफ्तार करने के निर्देश दिये। एनडीपीएस एक्ट एवं 1930 पोर्टल के पेंडिग परिवादों के निस्तारण, साईबर अपराध की तुलनात्मक स्थिति की समीक्षा करते हुये उक्त अपराधों में कमी लाने के निर्देश दिये। सोशियल मीडिया पर अवैध हथियारों के साथ पोस्ट करने वाले असामाजिक तत्वों के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही करने के निर्देश दिये। जिले के समस्त थानाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में रात्रि गश्त, नाकाबंदी व चैकिंग को बढ़ाया जाकर सम्पति संबधी अपराध के प्रकरणों में सफलता हांसिल करने के निर्देश प्रदान किये। वहीं एसपी ने कानुन व्यवस्था के संबध में चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में कोटपूतली एएसपी वैभव शर्मा, नीमराणा एएसपी शालनी राज, कोटपूतली डीएसपी राजेन्द्र बुरडक, नीमराणा डीएसपी सचिन शर्मा, बहरोड़ डीएसपी कृतिका, विराटनगर डीएसपी शिप्रा राजावत एवं जिले के समस्त थानाधिकारी मौजूद रहे।




# वक्फ संशोधित बिल को लेकर एआईएमआईएम का विरोध प्रदर्शन

## सरकार को दी सड़कों पर उतरने की चेतावनी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** वक्फ संशोधित बिल को लेकर अल्पसंख्यक समाज में गहरी नाराजगी दिखाई दे रही है। इसी कड़ी में शुक्रवार को ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (ढ्ढरूढ्ढरू) की ओर से शास्त्री नगर स्थित फिरदौस मस्जिद से शांतिपूर्ण विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन की अगुवाई ढ्ढरूढ्ढरू प्रदेश अध्यक्ष जमील खान और प्रदेश उपाध्यक्ष बाबू भाई फ्रिज वाले ने की।प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने हाथों में काले रिबन बांधकर सरकार के प्रति विरोध दर्ज कराया। बाबू भाई ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि यह बिल अल्पसंख्यकों के अधिकारों के साथ सीधा अन्याय है।

उन्होंने कहा कि अगर सरकार ने इस बिल को वापस नहीं लिया, तो ढ्ढरूढ्ढरू पूरे प्रदेश में सड़क से लेकर सदन तक व्यापक आंदोलन करेगी। बाबू भाई ने चेताया, 卐यह सिर्फ शुरुआत है। अगर हमारी आवाज नहीं सुनी गई, तो यह विरोध जनांदोलन का रूप ले लेगा। सरकार को चाहिए कि वह इस बिल को तुरंत प्रभाव से वापस ले और अल्पसंख्यक समुदाय की भावनाओं का सम्मान करे।卐प्रदर्शन शांतिपूर्ण रहा, लेकिन माहौल गंभीर और आक्रोशपूर्ण था। ढ्ढरूढ्ढरू नेताओं ने साफ कहा है कि अगर सरकार ने कदम पीछे नहीं खींचे, तो आने वाले दिनों में बड़े स्तर पर आंदोलन होगा।

# रसनाली मे महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती पर रक्तदान शिविर और मेडिकल कैंप का आयोजन, 90 यूनिट रक्त एकत्रित



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली बहरोड जिले के रसनाली मे महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती के अवसर पर ग्रीन फ्यूचर अलायंस के तत्वावधान में सर्व समाज के सहयोग से रसनाली स्थित तारा माध्यमिक विद्यालय में भव्य रक्तदान शिविर और मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कुल 90 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया।रक्त संग्रहण का कार्य राजकीय जिला अस्पताल कोटपुतली और जनहित ब्लड बैंक जयपुर की ब्लड टीमों के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिन्होंने अपनी सेवाएं जनहित में समर्पित की।समारोह का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ,जिसमें श्री श्री 108 सीताराम दास महाराज (नागाजी मंदिर,कोटपुतली) मुख्य रूप से उपस्थित रहे।मुख्य अतिथि चिरंजीलाल सैनी (मूण्डरू), राष्ट्रीय संगठन मंत्री (अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन)रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में मुकेश कुमार (सचिवअंतर्राष्ट्रीयमानवाधिकार

जयपुर)कमला सैनी प्रदेश अध्यक्ष महिला विंग राजस्थान प्रदेश माली सैनी महासभा राज)शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता महावीर सैनी ने की।इस मौके पर चमन कंवर (प्रदेश अध्यक्ष महिला विग अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन जयपुर),विमला सैनी (प्रदेश महामंत्री महिला विग अंतर्राष्ट्रीय मानवाधिकार सामाजिक न्याय संगठन,जयपुर),मोहनलाल सैनी (पावटा),भीमराज सैनी,देवीसाहय सैनी,बंसीधर सैनी सहित ह्वह्व टीम ने अतिथियों का स्वागत किया।कार्यक्रम में पवन सैनी,प्रदीप सैनी,पत्रकार बिल्लूराम सैनी,महेंद्र सैनी(बानसूर)सुभाषजमालपुरिया,एडवोकेट नवीन सैनी, देशराज सैनी,संजय सैनी हाजीपुर,हंसराज सैनी,श्याम लाल सैनी,सुगन सैनी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।समारोह में सामाजिक एकता,सेवा और मानव कल्याण के संदेश को लेकर सभी प्रतिभागियों ने महात्मा फुले के विचारों को स्मरण किया और समाजहित में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

# तम्बाकू मुक्ति परामर्श के लिये जिला स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिले में तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये गुरूवार को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। सीएमएचओ डॉ. आशीष सिंह शेखावत ने बताया कि प्रशिक्षण का मुख्य उद्धेश्य भारत सरकार द्वारा निर्धारित गाईडलाईन के अनुरूप तम्बाकू मुक्ति उपचार एवं परामर्श सेवाओं के सुदृढ़ीकरण के लिये सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों के स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों की पहचान कर उन्हें तम्बाकू छोडने के लिये तकनीकी सहायता एवं परामर्श प्रदान करना है। प्रशिक्षण में स्टेट से अति स्टेट प्रोग्राम ऑफिसर नरेन्द्र सिंह ने सीएचओ को प्रशिक्षण प्रदान किया। उन्होंने बताया कि जिले में तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं के विस्तार के लिये समस्त आयुष्मान आरोग्य मन्दिर के स्तर पर तम्बाकू उपभोगियों को तम्बाकू छोडने के लिए प्रेरित किया जाना आवश्यक है। जिला चिकित्सालय कोटपूतली में प्रदान की जा रही तम्बाकू मुक्ति परामर्श एवं उपचार सेवाओं की समीक्षा भी की गई तथा सेवाओं मे आवश्यक सुधार हेतु निर्देशित करते हुये सभी प्रतिभागियों के समन्वित प्रयासों से तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र पर अधिक से अधिक तम्बाकू उपभोगी मरीजों को रैफर करने हेतु निर्देशित किया गया। तम्बाकू मुक्ति उपचार केन्द्र को निर्देशित किया गया कि अस्पताल में ओपीडी में आने वाले तम्बाकू उपभोगी मरीजों की अधिक से अधिक काउंसिल करें। ताकि मरीजों को निकोटीन रिप्लेसमेंट थैरेपी माध्यम से प्रभावी चिकित्सकीय उपचार दिया जा सकें। डीएनओ रविकांत जॉगिड़ ने तम्बाकू मुक्ति उपचार परामर्श केन्द्र के तकनीकी बिन्दुओं को फोकस करते हुए विश्व स्वास्थ्य संगठन की एम-पॉवर रणनीति की चर्चा की एवं प्रतिभागियों को तम्बाकू उपभोगी मरीजों की शारीरिक मानसिक व्याधियों को व्यावहारिक रूप से समाधान बताया।

# सड़क हादसे में दम्पति की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हरमाडा थाना इलाके में सीकर हाईवे पर गुरुवार देर रात बेटी को लेकर बाइक से लौटते दंपती ने रोड क्रॉस कर रहे राहगीर को टक्कर मार दी थी। इसके बाद बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकराकर दंपती के उछलकर सिर के बल गिरने से मौत हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घायल राहगीर व दंपती की बेटी को हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया है।

पुलिस ने बताया कि हादसे में मुरलीपुरा के बंधु नगर निवासी मनोज कुमार (40) और उसकी पत्नी सुमन (38) की मौत हो गई। हादसे में राहगीर शिवम (18) और दंपती की बेटी वंशिका (13) घायल हो गए। मनोज प्राइवेट स्कूल में चालक की नौकरी करता था। जो गुरुवार को वह बाइक पर पत्नी व बेटी को लेकर खाटूश्यामजी गया था। देर रात वापस घर लौटते समय सीकर हाईवे पर अनोखा गांव में रोड क्रॉस कर रहे युवक से बाइक टकरा गई। बाइक बेकाबू होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे पति-पत्नी उछलकर सिर के बल रोड पर गिर जाने से दंपती, बेटी व राहगीर को हॉस्पिटल पहुंचाया। इलाज के दौरान मनोज व सुमन ने दम तोड़ दिया।

# पत्नी की पीठ पर चाकू घोंप कर हत्या का प्रयास करने वाला आरोपी पति गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्नी की पीठ पर चाकू घोंप कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी पति को गिरफ्तार किया है। फिलहाल आरोपी से पति से पूछताछ की जा रही है।

पुलिस उपायुक्त जयपुर (दक्षिण) दिगंत आनन्द ने बताया कि मुहाना थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए पत्नी की पीठ पर चाकू घोंप कर हत्या का प्रयास करने वाले आरोपी पति धनराज मीणा (34) निवासी नैनवा जिला बूंदी को गिरफ्तार किया गया है। शराब पीने का आदी धनराज मीणा मुहाना के श्रीराम विहार में पत्नी चंदा देवी (34) के साथ किराए से रहता है और उसकी एक साल पहले ही कोटा निवासी चंदा देवी से दूसरी शादी हुई थी। वह घर के पास ही स्थित एक्सपोर्ट की कपड़ा फैक्ट्री में काम करती है।

पीड़िता चंदा देवी ने पर्चा बयान किया कि उसका पति शराब पीकर आए दिन झगड़ा करता है। आठ अप्रेल को शराब पीकर रोज के झगड़े की आदत को लेकर गंभीरता से नहीं लिया,लेकिन कुछ ही देर में आरोपित धनराज ने झगड़ा कर मारपीट करना शुरू कर दिया। चाकू उठाकर उसके पर हमला कर दिया। हाथ-पेट पर चाकू से ताबड़तोड़ कई वार कर लहूलुहान कर दिया। उसके बाद पीठ में चाकू घोंपकर भाग निकला। चिल्लाने की आवाज सुनकर दौड़कर आए पड़ोसियों ने अस्पताल में भर्ती करवाया। पुलिस ने पीड़िता के पर्चा बयान के आधार पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर गांव भागने की फिराक में आरोपी पति धनराज मीणा को पकडा।

# भामाशाह राजाराम बोहरा की अनुकरणीय पहल श्मशान के लिये आधा बीघा भूमि सरकार को समर्पित की

## तहसीलदार रामधन गुर्जर को सौंपा समर्पणनामा

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** समीपवर्ती ग्राम अजीतपुरा खुर्द (फामड़ा की ढ़ाणी) निवासी भामाशाह राजाराम बोहरा ने अनुकरणीय पहल करते हुये अपने हिस्से की आधा बीघा खातेदारी भूमि श्मशान भूमि के लिये दान कर पुण्य का कार्य किया। उल्लेखनीय है कि गाँव में वर्षों से श्मशान भूमि की कमी एक बड़ी समस्या बनी हुई थी। जिससे अंतिम संस्कार जैसे महत्वपूर्ण कार्य में ग्रामीणों को बार-बार कठिनाईयों का सामना करना पड़ता था।

हालांकि पूर्व में भी इस भूमि का उपयोग अनौपचारिक रुप से श्मशान के रूप में होता रहा है, लेकिन अब राजाराम बोहरा ने इस भूमि को विधिवत और आधिकारिक रुप से राज्य सरकार को समर्पित कर दिया है, ताकि इसे सभी जातियों के लिये स्थायी रुप से श्मशान भूमि घोषित किया जा सके। राजाराम बोहरा का यह योगदान ना केवल ग्रामीणों की वर्षों पुरानी समस्या का समाधान करेगा, बल्कि यह समाज सेवा की भावना को भी एक नई दिशा देगा। उन्होंने तहसीलदार रामधन गुर्जर को समर्पणनामा सौंपा। तहसीलदार रामधन गुर्जर सहित अन्य अधिकारियों ने राजाराम बोहरा की इस समाजोपयोगी पहल की सराहना की और उनके परिवार को बधाई देते हुये कहा कि ऐसे कार्य दूसरों के लिये भी प्रेरणा स्त्रोत बनते हैं। गांव के लोगों ने भी भामाशाह परिवार का आभार जताया। सत्यवीर ने बताया कि गांव में आज तक सरकार या पंचायत की ओर से श्मशान भूमि चिन्हित नहीं की गई थी। अब जब यह भूमि औपचारिक रुप से समर्पित हो गई है तो पंचायत इसे रिकॉर्ड में दर्ज कर श्मशान के रुप में मान्यता दे सकती है। इस दौरान रामसिंह गुर्जर, नरेश फामड़ा, सत्यवीर फामड़ा, सचिन फामड़ा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

# पार्षद पूनम शर्मा ने चेयरमैन बनाए जाने पर जताया आभार



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** हेरिटेज नगर निगम जयपुर में वार्ड 52 की पार्षद पूनम शर्मा शर्मा ने उद्यान समिति चेयरमैन का महत्वपूर्ण दायित्व देने के लिए माननीय मुख्यमंत्री भजन लाल जी शर्मा , प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल राठौर , माननीय मंत्री झाबर सिंह खर्रा , विधायक गोपाल शर्मा , महापौर कुसुम यादव व प्रदेश एवं जिला नेतृत्व का ह्रदय से आभार प्रकट किया है द्य उन्होंने कहा कि मुझसे छोटे बड़े मेरे देवतुल्य वार्डवासी जनता जिनका स्नेह व आशीर्वाद हमेशा मेरे साथ रहा है उन सभी का भी बहुत बहुत आभार द्य जनसेवा और निगम के सर्वांगीण विकास के लिए में इस दायित्व का पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करूँगी । साथ ही आगे कहा कि जयपुर शहर हेरिटेज क्षेत्र में शहर के ज्यादातर दर्शनीय स्थल आते है जहां देशी व विदेशी पर्यटक बहुत आते है ,इस क्षेत्र को स्वच्छ व हरा भरा बनाने का इनका लक्ष्य रहेगा ।



# सेवा कुंज आश्रम में श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी जी का नवम् पाटोत्सव : सप्तम् दिवस पर गूंजी भागवत की मधुर वाणी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जगतपुरा स्थित सेवा कुंज आश्रम में चल रहे श्री निम्बार्क कृष्ण बिहारी जी भगवान के नवम् पाटोत्सव के उपलक्ष्य में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह में सप्तम् दिवस की कथा व्यासपीठ पर आसीन पं. श्री रमेश चन्द जी शास्त्री करौली वालों के श्रीमुख से संपन्न हुई।

इस अवसर पर कृष्ण के गृहस्थ जीवन, स्यामन्तक मणि की कथा, श्री सुदामा चरित्र एवं चौबीस गुरुओं की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला गया।

साथ ही वृन्दावन की सुप्रसिद्ध रास मण्डली के आचार्य स्वामी श्री भुवनेश्वर वशिष्ठ जी के निर्देशन में अखण्ड हरिनाम संकीर्तन, श्री राधाकान्तदास जी की मण्डली द्वारा प्रस्तुत किया गया, जिसने श्रद्धालुओं को भाव-विभोर कर दिया।

आज हवन पूर्णाहुति, महाप्रसादी एवं भण्डारे का आयोजन किया जाएगा।

# मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** बस्सी थाना इलाके में मालगाड़ी की चपेट में आने से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि वह स्टेशन पर ट्रेन से उतरकर ट्रैक पार कर रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर क्षेत्राधिकार जीआरपी थाना पुलिस का होने पर सूचना दी। जीआरपी थाना पुलिस ने पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। हेड कांस्टेबल मुकेश ने बताया कि हादसे में बांदीकुई दौसा के रहने वाले रामेश्वर लाल शर्मा (75) की मौत हो गई। जो ट्रेन से अपने ससुराल जाने के लिए आए था। बांसखो रेलवे स्टेशन पर उतरकर रामेश्वर लाल रेलवे ट्रैक पार कर रहे था। इसी दौरान दूसरे ट्रैक पर आई मालगाड़ी की चपेट में आ गए।

# मुख्यमंत्री ने यज्ञ में आहुति देकर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की

## ऋषि मुनि कर रहे सनातन संस्कृति और परम्परा के संरक्षण का काम- मुख्यमंत्री शर्मा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा शुक्रवार को न्यू सांगानेर रोड स्थित चिंताहरण काले हनुमानजी मंदिर पहुंचे। यहां उन्होंने एकादश कुंडात्मक सात दिवसीय श्री हनुमत महायज्ञ में शामिल होकर आहुति दी तथा प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की।

शर्मा ने कहा कि हमारा देश हमेशा से ऋषि-मुनियों का ऋणी रहा है। ऋषि-मुनियों ने हमारी संस्कृति और परम्परा की रक्षा का काम किया है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से हमारी आने वाली पीढ़ी को भी सांस्कृतिक कार्यों को करने की प्रेरणा मिलती है तथा परम्पराएं समृद्ध होती हैं। इस दौरान महामण्डलेश्वर मनोहर दास जी महाराज, त्रिवेणी धाम के राम रिछपाल दास जी महाराज सहित बड़ी संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



# चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कोटखावदा थाना इलाके में चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण करने का मामला सामने आया है। परिजनों ने रिश्तेदार पर लड़की को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने का आरोप लगाया है और साथ ही अलमारी के लॉकर में रखे 50 हजार रुपए भी गायब मिले। नाबालिग बेटी के पिता ने थाने में मामला दर्ज करवाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच पडताल में जुटी है। पुलिस ने बताया कि कोटखावदा इलाके में रहने वाले युवक ने मामला दर्ज करवाया कि उसकी चौदह वर्षीय नाबालिग लड़की का अपहरण हुआ है। नाबालिग बेटी को अपहरण करने वाला आरोपी रिश्तेदार है। आरोपी के रिश्तेदार होने के चलते घर पर आना-जाना था। आरोप है कि 6 अप्रैल को दोपहर आरोपी रिश्तेदार बहला-फुसलाकर नाबालिग बेटी को अपहरण कर ले गया।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मानसरोवर क्षेत्र में कार्यक्रम से आते वक्त गाड़ी रुकवाकर उन्हें अभिवादन कर रहे बच्चों को पास बुलाया और दुलार किया



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने मानसरोवर क्षेत्र में कार्यक्रम से आते वक्त गाड़ी रुकवाकर उन्हें अभिवादन कर रहे बच्चों को पास बुलाया और दुलार किया।

# फुले दंपति ने भारतीय समाज को कुरीतियों से दूर कर मुख्य धारा में लाने का कार्य किया : रामसिंह सैनी

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित, 85 यूनिट रक्त एकत्रित

बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** क्षेत्र में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयन्ती बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर राजमार्ग स्थित सब्जी मंडी पावटा में माता सुन्दरी देवी सर्व समाज उत्थान समिति एवं माली - सैनी महासभा पंचायत संस्था के संयुक्त तत्वावधान में भव्य शोभायात्रा व बाईक रैली का आयोजन किया गया। रैली सब्जी मण्डी प्रांगण से शुरू होकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होते हुए पुन: सब्जी मण्डी प्रांगण पहुंची। जहां सब्जी मंडी प्रांगण में विशाल चिकित्सा परामर्श शिविर का आयोजन कर 150 व्यक्तियों को फ्री दवाओं का वितरण किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंगलदास महाराज के मुख्य आतिथ्य में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन व पुष्प अर्पित कर किया। इस



मौके पर समारोह की अध्यक्षता करते हुये माली - सैनी महासभा पंचायत संस्था कार्यकारी अध्यक्ष पटेल रामसिंह सैनी ने कहा कि फुले दंपति ने कुरीतियों की जड़ में फंसे भारतीय समाज को मुख्य धारा में लाने का कार्य किया। जहाँ महात्मा ज्योतिबा फुले को समाज की विभिन्न विषमताओं से संघर्ष के लिये याद किया जाता है। वहीं माँ सावित्री बाई का जो योगदान स्त्री एवं बालिका शिक्षा को आगे बढ़ाने में है, उसे भुलाया नहीं जा सकता। कार्यक्रम में शिरकत करते हुये समाजसेवी अजय सैनी व ओपी बायला ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने देश में सामाजिक क्रांति की अलख जगाकर छूआछूत, ऊंच नीच, भेदभाव आदि कुरीतियों का उन्मूलन कर आधुनिक भारत की नींव तैयार की है। समाज के हाशिये पर रहने वाला तबका आज मुख्य धारा में शामिल होकर निरन्तर आगे बढ़ रहा है। मंच संचालन कर रहे सामाजिक कार्यकर्ता मोहन लाल सैनी ने फुले दंपति को जल्द से जल्द भारत रत्न दिये जाने की मांग की। सभी अतिथियों का माल्यार्पन व प्रतीक चिन्ह भेंटकर स्वागत किया गया। वहीं डीपी हॉस्पिटल में महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलित कर पुष्प अर्पित कर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान करते हुये कुल 85 यूनिट रक्त एकत्रित किया। एसडीएम रीडर कैलाश चंद सैनी, हरिदास महाराज, सोहन लाल महाराज, द्वारकेश महाराज, शिक्षाविद गजानंद टीलावत, शिक्षाविद देवी सहाय सैनी आदी वक्ताओं ने भी विचार व्यक्त किया। इस दौरान भाजपा मंडल अध्यक्ष वीरेंद्र राठी, उपाध्यक्ष गणेश सैनी, सरपंच रोशन सैनी, विजय कुमार, हरिद्वारी लाल स्वामी, विक्रम सैनी, सीताराम सिंघल, वेद प्रकाश बाकोलिया, बाबूलाल सैनी, महेश सैनी, जितेंद्र सैनी, भूपेंद्र सैनी समेत सब्जी मंडी के समस्त दुकानदार व आढ़तिया मौजूद रहे।



# अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस मनाया

बढ़ता राजस्थान

**तारानगर/साहवा( कृष्ण कुमार )।** किसान मजदुर भवन में अखिल भारतीय किसान सभा का स्थापना दिवस तहसील अध्यक्ष कॉमरेड पूर्णाराम सरावग की अध्यक्षता में मनाया गया। विधिवत रूप से झंडारोहण के साथ शुरू हुए कार्यक्रम में किसान सभा के राज्य कमेटी सदस्य कॉमरेड निर्मल कुमार ने कहा कि किसान सभा उस समय से है जब हम नहीं थे ओर उस समय तक रहेगी जब हम नहीं रहेंगे। किसान सभा ने अब तक किसान, मजदुर, विद्यार्थीयों के हकों के लिए सदैव संघर्ष किया है। किसानों के हितों की रक्षा किसान सभा ने ही की है। हम सबको मिलकर संगठन को ओर मजबुत करना चाहिए जिसके लिए सदस्यता अभियान चलाकर ज्यादा से ज्यादा सदस्यता करनी होगी। निर्मल कुमार ने कहा की वर्तमान में जनता को परेशान करने के उद्देश्य से सरकार द्वारा जनता पर थोपे गए परिसीमन के विरोध में जल्द ही निर्णय लेंगे ।किसान सभा के जिला महामंत्री कॉमरेड उमराव सहारण ने संगठन की रीति निति के बारे में विस्तृत विचार रखे।

कॉमरेड रामस्वरूप सहारण, पूर्णाराम सरावग, चिमनाराम पांडर, एडवोकेट मुकेश शर्मा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम के समापन में राजगढ विधानसभा से माकपा प्रत्याशी रहे कॉमरेड भगतसिंह पूनियां के निधन पर 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर कॉमरेड दात्ताराम, बेगराज प्रजापत, गोपीराम पुरोहित, गणपतराम इशराण, लालचंद रांगेडी,धर्मपाल डागर, रामेश्वरलाल, रमेश रामपुरा आदि उपस्थित रहै। संचालन विक्रम सोनी ने किया।

# समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती मनाई

## शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए किए गए कार्यों को किया याद

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( कृष्ण कुमार )।** कस्बे के अटल सेवा केंद्र में समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती धूमधाम से मनाई गई। शुक्रवार शाम को अटल सेवा केंद्र में सर्व समाज की ओर से आयोजित समारोह में समाज सुधारक ज्योतिबा फुले के शिक्षा और सामाजिक समानता के लिए किए गए कार्यों को याद किया गया। उपस्थित समस्त जनों ने महापुरुष की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में वक्ताओं ने महात्मा फुले के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डाला। समारोह का आयोजन सर्व समाज के युवाओं के नेतृत्व में किया गया। समारोह को संबोधित करते हुए रोहिताश सैनी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले न सिर्फ एक समाजसेवी, बल्कि एक प्रख्यात शिक्षाविद, लेखक और विचारक भी थे। विद्याधर पारीक ने कहा कि 19 वीं शताब्दी में जब समाज जाति और लैंगिक भेदभाव से जूझ रहा था, तब ज्योतिबा फुले ने सामाजिक न्याय, शिक्षा और समानता के लिए निर्णायक आंदोलन खड़ा किया था।



आज भी ज्योतिबा फुले का जीवन और उनके विचार समानता और सामाजिक सुधार के लिए काम करने वालों के लिए एक प्रेरणा स्रोत बने हुए। पीटीआई रामसिंह माहिच ने संबोधित करते हुए कहा कि ज्योतिबा फुले जयंती के अवसर पर हमें उनके योगदान को याद करते हुए उनके आदर्शों को अपनाने की प्रेरणा लेनी चाहिए ।रोहिताश वाल्मीकि ने संबोधित करते हुए कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने अपना पूरा जीवन गरीबों, महिलाओं, दलितों एवं पिछड़े वर्ग के उत्थान में समर्पित किया। कृष्ण लाल बोहरा ने कहा कि समाज कल्याण और महिला सशक्तीकरण के लिए उनका संघर्ष आज भी प्रेरणादायक है। सामाजिक समानता के लिए उन्होंने जीवनभर काम किया । इस अवसर पर हुकमीचंद बेरवाल, रोहिताश सैनी, भागीरथ दईया, जोगेंद्र सिंह, मेघराज बेरवाल, हेतराम लिखाला, विद्याधर पारीक, कृष्णलाल बोहरा, रामसिंह माहिच, भजनलाल बेरवाल, प्रिंसिपल केदारमल असेरी, राहुल भाटी, प्रभु भगत, ओम सिंहमार, पूर्णाराम, रेवंतराम सांडेला, रोहिताश वाल्मीकि, भागीरथ पेंटर, कृष्ण दूसाद, पंच नरेंद्र गहनोलिया, अमर सिंह दहिया, रोहिताश बेरवाल, सुरेंद्र माहिच, राजेश कालिया, राजेंद्र लिखाला , शिवनारायण मुनदलिया आदि गणमान्य लोग उपस्थित थे।

# रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा वरिष्ठ नागरिक सम्मान

## वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ : छाजेड़

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** रोटरी क्लब उदयपुर द्वारा शुक्रवार को रोटरी बजाज भवन में वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह में सात वरिष्ठ नागरिकों को उनके उल्लेखनीय सेवाओं हेतु सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि विज्ञान समिति के संस्थापक डॉ. के.एल.कोठारी थे। इस अवसर पर क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़ ने कहा कि वरिष्ठ नागरिक समाज की रीढ़ है। वे समाज की शान है। हमारें मूल्य हमें इस प्रकार के सम्मान करनें की प्रेरणा देते है।



वरिष्ठ नागरिकों से हमें जीवन में आगे बढ़नें एवं उनके अनुभव हासिल करनें की सीख मिलती है। मुख्य अतिथि के.एल.कोठारी ने कहा कि आज जिन वरिष्ठ नागरिकों का सम्मान किया,उन्होंने अपने जीवन में समाज को काफी कुछ लौटाया है। समाज उनके अनुभवों का लाभ हासिल कर रहा है। विशिष्ट अतिथि पूर्व प्रांतपाल निर्मल सिंघवी ने कहा कि आज देश में 65 वर्ष आयु के उपर पंहुचने वाले देश में मात्र 8 प्रतिशत लोग है उनसे मार्गदर्शन लेना समाज के लिये हितकर है । इस अवसर पर सात वरिष्ठ नागरिक सम्मानित-किए गए जिनमें वरिष्ठ नागरिक डॉ. आर.के.गर्ग,प्रकाश तातेड़,जी.एल.मेनारिया,पुष्पा कोठारी,सुरेश सियोदिया, विजेन्द्र दोशी, भंवरलाल पोखरना को मुख्य अतिथि के.एल.कोठारी,क्लब अध्यक्ष अनिल छाजेड़,पूर्व प्रान्तपाल निर्मल सिंघवी, डॉ. निर्मल कुणावत, कमेटी चेयरमैन लक्ष्मणसिंह कर्णावट, सचिव भरत सरूपरिया ने तिलक लगाकर,उपरना ओढ़ाकर, एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया।

# विशाल शोभायात्रा एवं प्रतिभा सम्मान समारोह का हुआ आयोजन




बढ़ता राजस्थान

**चाकसू( गिरिराज प्रसाद शर्मा )।** चाकसू कस्बे में माली सैनी समाज द्वारा महात्मा ज्योतिबा फूले जी की 198वीं जयंती के अवसर पर गाजे बाजे के साथ विशाल शोभायात्रा एवं प्रतिभावान छात्रों का सम्मान समारोह आयोजित किया गया ।

महात्मा ज्योतिबा फूले जयंती एवं प्रतिभा सम्मान समारोह महात्मा ज्योतिबा फुले सेवा संस्थान के अध्यक्ष ग्यारसीलाल सैनी बरखेड़ा ने अध्यक्षता में आयोजित किया गया ।

शोभायात्रा मनोहरा तालाब स्थित महात्मा ज्योतिबा फूले सेवा संस्थान से प्रारंभ होकर उपजिला अस्पताल, मामोडीया मोहल्ला, गोदामों से होकर मुख्य बाजार, सब्जी मंडी, फागी रोड , ज्योतिबा फुले सर्किल होते हुए वापस संस्थान पहुँची इस दौरान कई समाजों ,स्थानीय लोगों एवं व्यापारियों द्वारा जगह जगह पुष्प वर्षा एवं शरबत की व्यवस्था की गई ।

संस्थान के सचिव हनुमान सिंह सैनी ने बताया कि शोभायात्रा के बाद संस्थान पर समाज के कक्षा 10 एवं 12 में 85 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली 20 प्रतिभाओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया गया । कार्यक्रम में डीडावता सरपंच नंद लाल सैनी ने सम्बोधित करते हुए समाज के युवाओं को शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए मेहनत करने की अपील की ।

कार्यक्रम में पूर्व सरपंच लक्ष्मी नारायण सैनी कोटखावदा , राकेश सैनी , बद्री नारायण सैनी , तनीषा सैनी , कृष्णा सैनी सहित कई वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए । कार्यक्रम में चाकसू विधानसभा के कई गांवों के समाज बंधुओं ने हिस्सा लिया।

# अंबेडकर व ज्योतिबा फुले जयंती और रक्तवीर राकेश बेसरवाल की पुण्यतिथि पर 104 यूनिट रक्तदान किया

बढ़ता राजस्थान

**झुंझुनू ( नि.स. )।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर और समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती एवं युवा समाजसेवी रक्तवीर स्व. राकेश बेसरवाल की तृतीय पुण्यतिथि के अवसर पर एक विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा व अजय वर्मा नुआ के नेतृत्व में डॉ. अंबेडकर व ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए गए।



इसके साथ ही स्व. राकेश बेसरवाल को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस अवसर पर जीवन ज्योति रक्षा ब्लड बैंक झुंझुनू द्वारा 104 यूनिट रक्त संग्रहित किया गया। सामाजिक कार्यकर्ता पवन आलड़िया और डॉ. राजवीर बेसरवाल ने बताया कि यह रक्तदान शिविर हर वर्ष आयोजित किया जाता है ताकि दुर्घटनाओं और बीमारियों के समय रक्त की कमी को पूरा किया जा सके। पवन आलड़िया ने जानकारी दी कि रक्तदान शिविर में भीम आर्मी जिलाध्यक्ष विकास आल्हा ने 25वीं बार रक्तदान कर युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनने का कार्य किया है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से भीम आर्मी प्रदेश महासचिव रघुवीर जोसवाल, माली समाज संस्थान के अध्यक्ष महेंद्र शास्त्री, डिप्टी सीएमएचओ डॉ. भंवर लाल सरोवा, अंबेडकर वेलफेयर सोसाइटी के संरक्षक महावीर सोनल सहित दर्जनों गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उल्लेखनीय उपस्थितियों में राकेश देवठिया, महावीर बेसरवाल, प्रो. हरिराम आलड़िया, डॉ. श्याम प्रताप, डॉ. फरीद आलम, सेवानिवृत्त डिप्टी निरंजन प्रसाद आल्हा, मुकेश झाझड़िया (सरपंच), पूर्व पालिका अध्यक्ष सतवीर सिंह बरवड़, श्रद्ध रामप्रताप बरवड़, ममता गर्वा, पिंकी बेसरवाल, प्रो. हितेश सैनी, संजय सैनी, प्रमोद, नवीन शोभा का बास, सचिन किलानिया, शशिकांत, सचिन बेसरवाल, योगेंद्र तुनवाल सहित बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

# 198वीं जयंती : प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई महात्मा ज्योतिराब फूले



बढ़ता राजस्थान

**पावटा (सुशील कुमार बंसल)।** ग्राम पंचायत कैरली में महात्मा ज्योतिबा फुले की 198 वीं जयंती सामाजिक कार्यकर्ता जितेंद्र सैनी के नेतृत्व में धूम धाम से मनाई गई साथ ही विशाल बाइक रैली का आयोजन किया गया 7इस बीच कार्यक्रम में कैरली आंतेला क्षेत्र के सर्व समाज बंधु काफी संख्या में उपस्थित रहे? ढाणी गैसकान सरपंच प्रतिनिधि रोशन सैनी, सुरेश सैनी ,मनीष मीणा, महेश सैनी, भूपेंद्र सैनी, शंभू गुर्जर, एडवोकेट ओम प्रकाश सैनी, ललित सिंधु ,बलकेश प्रजापति ,विनोद मीणा, बाबूलाल सैनी , दिलीप कुमावत सहित अनेक लोग उपस्थित रहे 7 मंच संचालन जितेंद्र सैनी ने किया जयंती आयोजन महात्मा ज्योतिबा फुले की तस्वीर के सामने पुष्प चढ़ने के बाद बाइक रैली के युवा साथी मौजूद रहे जो बाजार के मुख्य मार्ग आंतेला कैरली से होते हुए अगले कार्यक्रम पावटा के लिए प्रस्थान हुए बाइक रैली में देवेंद्र सैनी ,राहुल सैनी मनीष गुजर ललित सैनी? ,गोपाल सिंह अनिल सैनी ,विनोद मीणा, धूड़ाराम सैनी? ,रामनिवास सैनी अनेक युवा साथी मोजुद रहे ।

# उपहार प्लॉट वितरण के लिए शपथ पत्र जमा करने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर (दिनेश गोठवाल)।** लाईफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर द्वारा आयोजित सर्व समाज सर्व धर्म सामूहिक विवाह सम्मेलन नियामुनासर जिन वधुओ को उपहार प्लॉट वितरण के लिए जो शपथ पत्र मांगे गए थे उनको जमा करने को कहा था वो 10 मई 2025 तक जमा करा देवं ताकि रजिस्ट्री की कार्यवाही की जा सकें। अध्यक्ष डॉ खलील अगवानी ने बताया कि जल्दी सभी वधुओ को उपहार प्लॉट वितरण कर दिए जाएंगे। 1 नवंबर 2024 से सोसायटी के सभी कार्यों को आगामी सूचना तक स्थगित कर रखे हैं। लाइफ प्रोग्रेसिव सोसायटी उदयपुर 13 साल से समाज को उत्थान के लिए और भारत की मुख्य धारा के लिए बहुत कार्य किये जिसमें आर्थिक विकास, शैक्षणिक,सामाजिक रोजगार , चिकित्सा संबंधी सेवा सरकारी योजना का लाभ ,जरूरतमंदो को खाद्य सामग्री वितरण, सामूहिक विवाह सम्मेलन छात्र छात्राओं को वार्षिक फीस ,ड्रेसेस,बुक्स कॉपीज,स्वेटर, रोजगार परशिक्षण सिलाई मेहंदी, कम्प्यूटर, ब्यूटी पार्लर,कपड़े की थैलियां,रेडीमेड गारमेण्ट कैरियर काउंसलिंग अनेक कार्य किए गए। डॉ. अगवानी ने बताया की पहले उपहार प्लॉट वितरण के बाद ही शुरु किए जाऐंगे।

# निधि सक्सेना को संगीत में मिला गोल्ड मेडल

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** जनार्दनराय नागर विश्वविद्यालय के सभागार में आज आयोजित हुए 20 वें दीक्षांत समारोह में संगीत( शास्त्रीय गायन) वर्ष 2023-24 बैच में प्रथम आने पर श्रीमती निधि सक्सेना को स्वर्ण पदक प्रदान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केन्द्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत थे।

# सरकार के कारण से स्कूटी योजना के तहत पेंडिग स्कूटी वितरण के लिए करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर को दिया ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी (अंशु गुप्ता)।** करौली आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद करौली के कार्यकर्ताओं ने करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर जी को ज्ञापन सौंपा द्य एबीवीपी जिला संयोजक योगेंद्र डागुर ने बताया कि पूर्ववर्ती सरकार के कारण से काली बाई स्कूटी योजना ओर देवनारायण स्कूटी योजना के तहत पेंडिंग स्कूटी 2021-22 व 2022-23 के सत्र की स्कूटी वितरण करवाने के



ज्ञापन सौंपा द्य साथ ही बताया कि सत्र 2023-24 की स्कूटी वितरण कार्य चल रहा है लेकिन पेडिंग स्कूटी पर कोई एक्शन नही है इस दौरान फोरन्ति मीणा,कोमल महावर, भारती, प्राची, रविना, मौसम ,मेघा, दिया ,गीता सहित अन्य छात्राएं शामिल रही ।

# गैस सिलिंडर के दामों में की गई बढ़ोतरी के खिलाफ युवा कांग्रेस का विरोध

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** बूंदी में शुक्रवार को रसोई गैस की कीमत में केंद्र सरकार द्वारा 50 रुपये की बढ़ोतरी के खिलाफ युवा कांग्रेस ज़िलाध्यक्ष निशांत नुवाल के नेतृत्व में जिला कलेक्ट्रेट पर भाजपा सरकार का पुतला फूँक कर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जोरदार नारेबाज़ी करके कांग्रेस कार्यालय से रैली निकाल कलेक्ट्रेट के बाहर विरोध प्रदर्शन किया और मूल्य वृद्धि को तत्काल वापस लेने की मांग की। ज़िलाध्यक्ष नुवाल ने बताया कि केन्द्र सरकार ने पहले उज्जवला योजना के रसोई गैस कनेक्शन को तो दे दिया, लेकिन अब रसोई गैस की कीमतें बढ़ाकर उसे खरीद से दूर कर दिया। भाजपा शासन में रसोई गैस की कीमत लगातार बढ़ती गई है जिसके कारण आम लोगों का जीवन दूरभर होता जा रहा है । अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल का दाम काफी घट गया है, लेकिन भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम में भी कोई कमी नहीं आई है। उन्होंने कहा कि यह सरकार महंगाई पर अंकुश लगाने में विफल साबित हुई है और केवल पूंजीपतियों को खुश करने में लगी हुई है। रसोई गैस की कीमतों में लगातार वृद्धि से लोगों के लिए घर चलाना मुश्किल हो गया है। चुनाव प्रचार के दौरान 500 रुपए में सिलेंडर देने का वादा करके आम जानता को बेवकूफ़ बना 50 रुपए बड़ा कर इस महंगाई में आग में घी डालने का काम बीजेपी सरकार कर रही हे, इसी के साथ आज भारी प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंकते हुए यूथ कांग्रेस ने तहसीलदार को ज्ञापन देखकर सरकार को नींद से जगाने के लिए प्रयास किया ।

इसी दौरान वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन शहर अध्यक्ष शैलेश सोनी युवा कांग्रेस प्रदेश सचिव यासीन कुरैशी,रितिक यादव, हारून ख़ान, देवराज गुर्जर, युवराज सिंग हाडा ,अजय गौतम,हिमांशु गौतम , बंटी गुर्जर, पिंटू गुर्जर, पीएस गोरसिया, गणेश गोरसिया, निर्मला, गीता, संतोष, लक्ष्मी, गोपाली, मीरा, कंचन बाई,शकील भाई,तुषार पुरी, भगवान गौतम,मिहिर गोस्वामी, धीरज टांक, सोनू गुर्जर, कुंदन हाडा ,चिंटू सोलंकी, तारा, विशाल मीणा, रमन बैरवा, नितेश, भरत, जितेंद्र झारवाल, राकेश मेघवाल आदि मौजूद रहे।

## भीलवाड़ा में पुलिस का डोमिनेशन ड्राइव, लूट और डकैती के आरोपी सहित 305 अपराधी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा जिले में पुलिस अधीक्षक धर्मेन्द्र सिंह (आईपीएस) के आदेशानुसार 10 अप्रैल 2025 को वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी एवं एरिया डोमिनेशन को लेकर एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया। अभियान का उद्देश्य नशाखोरी पर प्रभावी नियंत्रण, अवैध मादक पदार्थों के उन्मूलन तथा असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करना था। इस अभियान की रणनीति अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मुख्यालय पारसमल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहपुरा राजेश आर्य तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन लाल पटेल के निर्देशन में बनाई गई। जिला स्तर पर समस्त वृत्ताधिकारियों व थानाधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा कर थानेवार टास्क तैयार किया गया, जिसके आधार पर विशेष टीमें एवं दबिश के लिए रूट अंतिम रूप से निर्धारित किए गए। अभियान के तहत कुल 119 टीमें गठित की गईं, जिनमें 481 पुलिस कार्मिकों ने भाग लिया। इन टीमों ने जिले के विभिन्न क्षेत्रों में 326 स्थानों पर दबिश दी। वहीं, एक अन्य स्तर पर 87 टीमों में शामिल 340 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने 181 स्थानों पर दबिश दी। समग्र अभियान के दौरान जिले में कुल 305 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। अभियान के दौरान आबकारी अधिनियम के अंतर्गत 13 प्रकरण दर्ज किए गए तथा 87.10 लीटर अवैध देशी एवं हथकड़ शराब जब्त की गई। इसके अतिरिक्त 5895 लीटर वॉश नष्ट की गई। स्थाई वारंटी, उद्घोषित अपराधी, गिरफ्तारी वारंट एवं धारा 299 दंड प्रक्रिया संहिता व 335 बीएनएसएस के अंतर्गत 49 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया। आर्म्स एक्ट के तहत दो प्रकरण दर्ज करते हुए दो अवैध धारदार चाकू बरामद किए गए। इसी तरह हार्डकोर, हिस्ट्रीशीटर एवं इनामी अपराधियों में से 14 व्यक्तियों की गिरफ्तारी हुई, जबकि लूट और डकैती जैसे जघन्य अपराधों में वांछित एक अपराधी को भी गिरफ्तार किया गया। असामाजिक तत्वों के विरुद्ध पाबंदी की कार्रवाई के तहत गुण्डा एक्ट, राजपासा एवं बीएनएसएस की धाराओं 170 व 129 के अंतर्गत 167 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। इसके अतिरिक्त निरोधात्मक कार्यवाही करते हुए 10 व्यक्तियों को हिरासत में लिया गया। अभियान के दौरान चिन्हित 43 अपराधियों के पूछताछ नोट भी तैयार किए गए, जिससे आगे की जांच एवं निगरानी में सहायता मिलेगी।भीलवाड़ा पुलिस का यह विशेष अभियान न केवल कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में एक सशक्त कदम रहा, बल्कि आमजन में सुरक्षा का विश्वास भी और अधिक मजबूत हुआ है।

# महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती को फूल माली समाज कपासन ने भव्यता के साथ मनाया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** नगर में फुल माली समाज द्वारा शुक्रवार को महान समाज सुधारक एवं चहुंओर शिक्षा की अलख जगाने वाले महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती को हर्षौल्लास एवं भव्यतापूर्वक मनाया गया।

जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र की उपनगरीय बस्ती भूपालखेड़ा में फुल माली समाज के तत्वावधान में प्रमुख शिक्षाविद एवं महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती को प्रतिवर्ष की भांति विविध कार्यक्रमों के साथ उत्साहपूर्वक मनाया गया।जिसके अंतर्गत जागण माता मंदिर परिसर भूपालखेडा से महात्मा ज्योतिबा फुले की आकर्षक प्रतिमा के साथ नगर क्षैत्र के विभिन्न मार्गो से डीजे एवं समाजजनों द्वारा रंग-बिरंगे पारंपरिक वेशभूषा में सजकर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया।उक्त शोभायात्रा का राज-राजेश्वर तालाब से गोपालद्वारा,पिपली बाजार, पांचबत्ती चौराहा,सब्जी मंडी,राजमार्ग आरा मशीन से यथास्थान पहुंचकर समापन किया गया । उल्लेखनीय है कि देश के महान समाज सुधारक एवं प्रमुख शिक्षाविद महात्मा ज्योतिबा फुले की जन्म जयंती पर आयोजित भव्य शोभायात्रा का नगर के विभिन्न स्थलों पर नगरवासियों द्वारा ढोल-नगाड़ों सहित पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत अभिनंदन किया गया।इस शोभायात्रा का क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर,पूर्व विधायक बद्रीलाल जाट,ग्राम सेवा सहकारी समिति कपासन अध्यक्ष एवं पूर्व वरिष्ठ नगर पालिका पार्षद नंदकिशोर टेलर,नपा पार्षद हीरालाल शर्मा,किसान नेता शंभुलाल बागड़ा,नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी,नपा उपाध्यक्ष एजाज अली,श्यामलाल माली,नगर पालिका कपासन अशोक विजयवर्गीय,भागीरथ चंदेल,माली समाज अध्यक्ष मदनलाल माली,शिक्षक दिनेश लोहार,युवा मोर्चा नेता रामलाल माली आदि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्यजनों सहित युवा वर्ग द्वारा उत्साहपूर्वक शोभायात्रा का ढोल-नगाड़ों एवं भव्य पुष्प वर्षा के साथ उत्साहपूर्वक स्वागत अभिनंदन किया गया।

## महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग

### महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( रेखा खाबिया )।** सावित्री बाई फुले विकास सेवा संस्थान चित्तौड़गढ़ के तत्वाधान में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती समारोहपूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था अध्यक्ष हेमराज करोड़ीवाल ने की, वहीं समारोह में क्षेत्र के सम्मानित समाजजन भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। इस अवसर पर महात्मा फुले के समाज सुधारक कार्यों को स्मरण करते हुए उनके जीवन और योगदान पर प्रकाश डाला गया।

विधायक चंद्रभान सिंह आक्या ने कार्यक्रम में उपस्थित होकर महात्मा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया और केंद्र सरकार से मांग की कि समाज सुधार के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले फुले दंपत्ति - महात्मा ज्योतिबा फुले और सावित्री बाई फुले को भारत रत्न से सम्मानित किया जाए। उन्होंने कहा कि फुले दंपत्ति ने शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय की दिशा में जो कार्य किए, वे आज भी मार्गदर्शक हैं।

संस्थान के महामंत्री कन्हैयालाल मावर ने इस अवसर पर बताया कि महात्मा फुले एक दूरदर्शी चिंतक थे जिन्होंने उस समय की कठोर जाति व्यवस्था और सामाजिक कुरीतियों को चुनौती दी। उन्होंने न केवल स्त्रियों के लिए विद्यालय खोले बल्कि पिछड़े वर्गों को भी शिक्षा की मुख्यधारा से जोड़ने का कार्य किया। समारोह में जिला कलेक्ट्रेट संस्थापन अधिकारी किशन लाल माली, आल इंडिया सैनी सेवा समाज के प्रदेश महामंत्री राजन माली, प्रदेश उपाध्यक्ष शिवप्रकाश माळी, सावित्री बाई फूले विकास सेवा संस्थान के महामंत्री कन्हैया लाल दगदी कीर खेडा,शिव धुवारिया, वरिष्ठ उपाध्यक्ष नंदलाल दगदी कीर खेडा, रतन दगदी, पूर्व सभापति सुशील शर्मा, पूर्व उप सभापति भरत जागेटिया,पूर्व पार्षद भोलाराम प्रजापत,नवीन पटवारी पूर्व महामंत्री ओम शर्मा, अनिल ईनाणी, गोपाल जाजू, गोपाल शर्मा, सुनील मंडोवरा, पार्षद बालकिशन भोई व रेशमा भोई, मां भारती सेवा संस्थान से योगेन्द्र पाल सिंह, विजय कुमार माली, विनोद कछवाहा सहित कई गणमान्य जन उपस्थित रहे।

## संगम विश्वविद्यालय ने अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता 2025 में जीता स्वर्ण पदक



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय ड्रॉप रोबॉल प्रतियोगिता 2025, जिसका आयोजन.ह.ष्ट.ज्ञ. द्वारा किया गया, उसमें संगम विश्वविद्यालय के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण और रजत पदक अपने नाम किए। पुरुष वर्ग के डबल्स में संगम विश्वविद्यालय के भावेश पारीक, केशव सिंह, और भानु प्रताप की टीम ने स्वर्ण पदक जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। वहीं महिला वर्ग में नंदिनी कंवर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए रजत पदक प्राप्त किया।गौरतलब है कि संगम विश्वविद्यालय ने लगातार पिछले तीन वर्षों से स्वर्ण और रजत पदकों पर अपना वर्चस्व बनाए रखा है, जिससे संस्थान की खेल क्षेत्र में मजबूती और प्रतिभा का प्रमाण मिलता है। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के वाईस चांसलर प्रो. करुणेश सक्सेना, प्रो-वाईस चांसलर प्रो. मानस रंजन, और रजिस्ट्रार प्रो. राजीव मेहता ने खिलाड़ियों को बधाई दी। वहीं खेल अधिकारी श्री संजय शर्मा, डॉ. जोरावर सिंह सहित अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी खिलाड़ियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा आज होगी आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड जयपुर के निर्देशों के क्रम में आयोजित प्रहरी सीधी भर्ती परीक्षा-2024 बून्दी जिला मुख्यालय पर निर्धारित कुल 20 परीक्षा केन्द्रों पर दिनांक 12 अप्रेल 2025 को प्रथम पारी प्रात:10 बजे से दोपहर 12 बजे एवं द्वितीय पारी दोपहर 03 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित होगी जिसमें जिले में प्रत्येक पारी में 7008 परीक्षार्थी भाग लेंगे। परीक्षा समन्वयक एवं अतिरिक्त जिला कलक्टर सुदर्शन सिंह तोमर द्वारा अवगत कराया गया कि जिले में परीक्षा के सुचारू संचालन के लिए प्रत्येक राजकीय परीक्षा केन्द्र पर एक व निजी परीक्षा केन्द्र पर 2 केन्द्र पर्यवेक्षक नियुक्त किए गए है। सुरक्षा की दृष्टि से परीक्षा के दौरान निरीक्षण हेतु 04 फ्लाइंग स्क्वायड गठित किये गए हैं, तथा प्रत्येक परीक्षा केन्द्र पर पर्याप्त पुलिस बल की नियुक्ति की गई हैं। प्रत्येक केन्द्र पर अनाधिकृत/डमी व्यक्तियों/अनुपस्थित अभ्यर्थियों/अनुचित साधनों विधि विरूद्ध क्रिया कलापों इत्यादि के साक्ष्य संग्रहण हेतु 02 वीडियोग्राफर द्वारा वीडियोग्राफी की जावेगी। समस्त परीक्षा केन्द्रों पर बोर्ड द्वारा सीसीटीवी कैमरें भी लगाये गये है। परीक्षार्थी का परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश परीक्षा प्रारम्भ होने के 01 घण्टे पूर्व तक ही अनुमत होगा। जिला पुलिस अधीक्षक राजेन्द्र कुमार मीणा द्वारा अवगत कराया गया कि सम्पूर्ण पुलिस व्यवस्था को कॉर्डिनेट करने हेतु अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती उमा शर्मा को जिला स्तर पर पुलिस नोडल अधिकारी नियुक्त करते हुये सहायतार्थ लगभग 200 पुलिस अधिकारियों एवं कार्मिकों का जाप्ता परीक्षा केन्द्रों पर विशेष निगरानी व सुरक्षा हेतु नियोजित किया गया है।

## नगर पालिका कपासन पार्षद ने निर्माणाधीन विकास कार्यों का अवलोकन किया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड नं. 5 में निर्माणाधीन विकास कार्यों का शुक्रवार को स्थानीय वार्ड पार्षद द्वारा भाजपा पदाधिकारियों के साथ अवलोकन किया गया।

जानकारी अनुसार नगर पालिका कपासन क्षैत्र के वार्ड नं. 5 में विभिन्न विकास कार्य गतिमान है।उक्त विकास कार्यों का नगर पालिका कपासन वार्ड नं. 5 पुष्पा वैष्णव द्वारा भाजपा नगर मंडल के पदाधिकारियों द्वारा अवलोकन किया गया।इस दौरान पार्षद पुष्पा वैष्णव द्वारा वार्ड नं. 5 में निर्माणाधीन विकास कार्य आदर्श कॉलोनी सोमेश्वर महादेव के सामने रोड़, माताजी रोड़ पर क्रॉस निर्माण,सनसिटी कॉलोनी में नाला निर्माण,आदर्श कॉलोनी सीसी रोड़ आदि निर्माण कार्यों का अवलोकन किया गया।साथ ही संबंधित संवेदक को गुणवत्तायुक्त निर्माण कार्य हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।इस मौके पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि आशीष सोनी, नपा पार्षद अशोक विजयवर्गीय,पार्षद गोपाल पुर्बीया, युवा मोर्चा अध्यक्ष विकास बारेगामा, नगर मंत्री चेतन शर्मा,ओम चण्डालिया,कपिल बापना, बूथ अध्यक्ष प्रतीक वैष्णव आदि उपस्थित रहे।

इधर नगर पालिका कपासन वार्ड नं. 5 पार्षद पुष्पा वैष्णव ने दैनिक बढ़ता राजस्थान को संपर्क में बताया कि क्षेत्रीय विधायक अर्जुनलाल जीनगर एवं नगर पालिका कपासन अध्यक्ष मंजूदेवी सोनी के कुशल नेतृत्व के तहत नगर कपासन में चहुंओर विकास कार्य गतिमान है।जिसके अंतर्गत नगर के वार्ड नं. 5 संबंधी समस्त विकास कार्य के टेंडर जारी हो चुके है।जिसमे अधिकतम विकास कार्य पूर्ण तथा कुछ निर्माणाधीन सहित शेष विकास कार्यों के वर्क ऑर्डर होना शेष है।

## महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** 11 अप्रैल को माली समाज द्वारा महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 198वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर समाज के पुरुषों और महिलाओं ने पारंपरिक वेशभूषा में भगवा साफा पहनकर भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा की शुरुआत मालियों के नोहरे से हुई, जो श्री शंकर अंपायर, बुर्ज कोर्ट, माणिक्य नगर माली खेड़ा, महाराणा टॉकीज, छिपा बिल्डिंग, महिला आश्रम माली खेड़ा, रोडवेज स्टैंड और श्री गेस्ट हाउस होते हुए पुन: मालियों के नोहरे पर समाप्त हुई। इस शोभायात्रा में महात्मा ज्योतिबा फुले एवं मां सावित्रीबाई फुले की झांकियों का आकर्षक प्रदर्शन किया गया। लगभग 5000 लोगों ने इस आयोजन में भाग लिया। शोभायात्रा की लंबाई लगभग डेढ़ किलोमीटर रही। पूरे मार्ग में जय श्री राम और ज्योतिबा फुले अमर रहें जैसे नारों से वातावरण गूंज उठा।शोभायात्रा के समापन के उपरांत सभी प्रतिभागियों के लिए स्नेह भोज का आयोजन भी किया गया, जिसमें समाज बंधुओं ने एकता और सौहार्द का संदेश दिया।

## मातेश्वरी सेवा समिति के तत्वावधान में आईपीएल की दर्ज पर ग्रामीण प्रतिभाओं को समर्पित दस दिवसीय रात्रीकालीन क्रिकेट प्रतियोगिताएँ सम्पन्न, विजेता टीम को एक लाख व ट्रोफी दी गई



बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** मातेश्वरी सेवा समिति के तत्वावधान में आईपीएल दर्ज पर आयोजित दस दिवसीय रात्रीकालीन क्रिकेट प्रतियोगिता का गुरूवार को समापन हुआ। भेरूलाल शर्मा ने बताया कि प्रतियोगिता समापन पर मुख्य अतिथि विधायक चन्द्रभानसिंह आक्या थे। विशिष्ठ अतिथि के रूप में पूर्व उपसभापति भरत जागेटिया, पूर्व पार्षद शैलेन्द्र झंवर, अनिल ईनाणी, भोलाराम प्रजापत, एडवोकेट ओमप्रकाश शर्मा, अनिरूद्ध वत्स उपस्थित रहे। अतिथियों का स्वागत मातेश्वरी सेवा समिति जिलाध्यक्ष सत्यनारायण विजयवर्गीय ने किया।प्रतियोगिता का समापन मैच मोर्निंग फुटबाल क्लब व महिन्द्रा ट्रेक्टर टीम के बीच खेला गया जिसमें मोर्निंग फुटबाल क्लब विजेता रही। विजेता टीम को 1 लाख रुपये मय ट्रोफी व उपविजेता टीम को 50 हजार मय ट्रोफी दी गई। रोहित शर्मा सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया। सम्पूर्ण प्रतियोगिता में 12 टीमों ने भाग लिया। ग्रामीण प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य को लेकर की गई इस प्रतियोगिता में प्रत्येक टीम में 5 शहरी व 7 ग्रामीण खिलाड़ियों को सम्मिलित किया गया। समापन पर मुख्य अतिथि चन्द्रभानसिंह आक्या ने मातेश्वरी सेवा के निरन्तर खेल प्रतियोगिता कराये जाने की सराहना करते हुए सदैव सहयोग के लिए तत्पर रहने का आश्वासन दिया। एमएफसी के कप्तान धर्मेन्द्र सिंह तंवर ने भी आयोजन की प्रशंसा की और वर्षभर में दो बार आयोजन किये जाने पर बल दिया ताकि अधिकाधिक ग्रामीण प्रतिभाएँ आगे आ सके। प्रतियोगिता में अम्पायरिंग कुलदीप बारेसा, रमन घारू, प्रदीप बारेसा ने की। टीम सलूजा इलेवन के मालिक मोनू सलूजा का प्रतियोगिता आयोजन में विशेष सहयोग रहा। प्रतियेगिता में मनीष जैन, राधेश्याम कुमावत, पिन्टू शर्मा, उदय अहीर, कमलेश सुहालका, आमीर, पप्पू गुर्जर, गोटू बंजारा, सुरेश गाडरी, राजकुमार सुहालका, अमन गौड़ का भी सहयोग रहा।

## हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान मंदिरों में आज होंगे अनेक अनुष्ठान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** हनुमान जयन्ती पर हनुमान मंदिरों में शनिवार को पूजा अर्चना सहित कई धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए जाएंगे। बावडी वाले बालाजी मंदिर पुजारी पं. शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि हनुमान जयन्ती पर बावड़ी वाले बालाजी मंदिर में हनुमान जन्मोत्सव पर शनिवार की सुबह 6 बजे बालाजी की प्रतिमा का पंचगव्य व पंचामृत से महाभिषेक कर चोला चढाया जाएगा। विशेष पोशाक के साथ फूल-बंगले की झांकी सजाकर महाआरती की जाएगी। दोपहर 3 बजे धार्मिक अनुष्ठान के साथ 51 आसनों पर सामूहिक सुन्दरकाण्ड के पाठ का आयोजन होगा। इसी प्रकार प्राचीन मोरिया वाले बालाजी, विश्व शांति आश्रम, कुंजबिहारी आश्रम, दादूदयाल आश्रम, संकट मोचन हनुमान मंदिर, चिंताहरण हनुमान मंदिर, बूढला बालाजी, आसाम मिल बालाजी मंदिर, छोरिया बालाजी, भातडिया बालाजी, सीन्दरा बालाजी, लुहारा बालाजी गांव दादिया में स्थित बीड वाले बालाजी मंदिर सहित सभी हनुमान मंदिरों में धूमधाम से हनुमान जन्मोत्सव मनाया जाएगा। इसी प्रकार शनिवार की सुबह रत्तांचल पर्वत पर धर्म ध्वजा स्थापना की जाएगी।

मुख्य सचिव ने जिला स्तरीय अधिकारियों की ली समीक्षा बैठक

# गर्मी के मौसम में पेयजल और बिजली की सप्लाई सुचारू रखें : सुधांश पंत

## जनकल्याण सेवाओं, न्याय व्यवस्था एवं सुशासन के लिए सख्त आदेश

बढ़ता राजस्थान



**सवाई माधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य व केन्द्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं सुशासन के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रगति समीक्षा बैठक शुक्रवार को मुख्य सचिव सुधांश पंत की अध्यक्षता में सवाई माधोपुर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान मुख्य सचिव ने सवाईमाधोपुर, करौली जिलों के कलक्टर-एसपी के साथ ही जिला स्तरीय विभागीय अधिकारियों से विभिन्न योजनाओं व कार्यों की प्रगति रिपोर्ट तथा कानून व्यवस्था के बारे में जानकारी लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

मुख्य सचिव ने बैठक में जिला स्तरीय अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता पारदर्शी और जवाबदेही शासन व प्रशासन व्यवस्था है। अधिकारी जनहित को सर्वोपरि रखते हुए कार्य करें! उन्होंने जिले में दर्ज एवं लंबित प्रकरणों की समीक्षा करते हुए पुलिस के स्तर पर प्रकरणों की समय पर जांच कर चार्जशीट दायर करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला उत्पीड़न से जुड़े प्रकरणों पर चर्चा करते हुए कहा कि प्रदेश में महिलाओं को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना सरकार का ध्येय है। इसमें किसी प्रकार का समझौता नहीं करते हुए महिला अत्याचार के प्रकरणों को तुरंत दर्ज कर परिवादियों को सुरक्षा प्रदान करने निर्देश दिए।

**ई-फाइलिंग डिस्पोजल टाइमिंग में लायें सुधार :** मुख्य सचिव ने सभी अधिकारियों के द्वारा ई-फाइलिंग डिस्पोजल प्रोग्रेस व औसत टाइमिंग की जानकारी लेते हुए ई-फाइलिंग को गंभीरता से लेते हुए सभी विभागों में शत-प्रतिशत ई-फाइलिंग लागूं कर न्यूनतम समय में निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने आई गॉट मिशन कर्मयोगी में कार्मिकों के रजिस्ट्रेशन के साथ ही प्रशिक्षण भी सुनिश्चित करवाने के निर्देश दिए।

**गर्मी के मौसम में बिजली-पानी-स्वास्थ्य सेवाओं में आमजन को न हो असुविधा :** उन्होंने बैठक में बिजली, पानी और स्वास्थ्य सेवाओं की भी समीक्षा करते हुए कहा कि आगामी दिनों में गर्मी एवं हीटवेव का प्रभाव बढ़ेगा। इसे लेकर अधिकारी अभी से मुस्तैद रहें। उन्होंने कहा कि पानी के लिहाज से अगले ढाई महीने काफी क्रिटिकल है।

**राजस्व प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा :** मुख्य सचिव ने राजस्व से जुड़े भू-रूपांतरण, नामांतरण, राजकीय भूमि को लेकर चल रहे न्यायिक प्रकरणों, योजनाओं और मुख्यमंत्री बजट घोषणाओं को लेकर अपेक्षित भूमि आवंटन प्रकरणों, भूमि अवाप्ति और मुआवजा वितरण से जुड़े प्रकरणों विभिन्न प्रकरणों की बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होंने प्रत्येक विषय में लंबित प्रकरणों का फीडबैक लेते हुए प्रकरणों के समय पर निस्तारण को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर शुभम चौधरी, पुलिस अधीक्षक ममता गुप्ता, पुलिस अधीक्षक करौली बृजेन्द्र उपाध्याय, अतिरिक्त जिला कलक्टर सवाई माधोपुर संजय शर्मा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी गौरव बुड़ानिया, अतिरिक्त जिला कलक्टर करौली हेमराज परेड बाल, एडीएम गंगापुर राम किशोर मीणा, उप वन संरक्षक रामानंद भाकर, सहायक कलक्टर रूबी अंसार, समस्त उपखण्ड अधिकारी, सहित संबंधित विभागीय अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

## पंचायत समिति की मांग को लेकर कुंवारिया तहसील परिसर के बाहर आमजन का धरना प्रदर्शन जारी

- आवश्यक सेवाओं को छोड़ दूसरे दिन भी बंद रहे बाजार
- अनिश्चितकालीन बंद का कस्बे में दिख रहा व्यापक असर
- बंद को व्यापारियों व आम जनता का मिल रहा है भरपूर समर्थन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बैगोरा )।** जिले में कुंवारिया कस्बे को पंचायत समिति का दर्जा दिलाने की मांग अब जोर पकडने् लगी है। लगातार दूसरे दिन भी ग्रामीणों और व्यापारियों ने बाजार पूरी तरह बंद रखा और तहसील कार्यालय के बाहर धरना प्रदर्शन जारी रहा। प्रदर्शनकारियों में स्थानीय व्यापारी, समाजसेवी, युवा और महिला संगठनों के प्रतिनिधि के अलावा ग्रामीण शामिल है। सुबह से ही तहसील कार्यालय परिसर में लोग बारी-बारी से धरने पर बैठते रहे और आंदोलन की अगली रणनीति तैयार करते रहे। व्यापारियों ने पूर्ण बाजार बंद रखकर समर्थन जताया। आवश्यक सेवाओं को भी सीमित समय के लिए खोला गया। दूध डेयरियां केवल सुबह दो घंटे और शाम को दो घंटे के लिए खुली, वहीं सब्जी विक्रेताओं ने भी केवल शाम के दो घंटे तक ही अपने ठेले लगाए। कुंवारिया बाजार के पूरी तरह बंद रहने से आस-पास के गांवों से आने वाले लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। खरीदारी के लिए आए लोगों को न दवा की दुकानें मिलीं और न ही दैनिक उपयोग की वस्तुएं। शुक्रवार को भाजपा से पंचायत समिति सदस्य कुसुम तातेड़ सहित 1100 भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा सामूहिक इस्तीफा देने की तैयारी की जा रही है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि यदि सरकार कुंवारिया को पंचायत समिति का दर्जा नहीं देती है, तो वे पार्टी के सभी पदों से सामूहिक रूप से त्यागपत्र देंगे और आंदोलन को और उग्र रूप देंगे। ग्रामीणों का कहना है कि कुंवारिया क्षेत्र भौगोलिक और जनसंख्या के हिसाब से पंचायत समिति बनने के सभी मानकों को पूरा करता है। बावजूद इसके लंबे समय से यहां की अनदेखी की जा रही है। अब यह सिर्फ एक मांग नहीं बल्कि क्षेत्र की गरिमा और भविष्य का सवाल बन चुका है।

### विरोध में पूरी तरह से बंद रहें बाजार

विशाल जनसमुदाय की उपस्थिति में लिए गए निर्णय के अनुसार गुरूवार को दुसरे दिन भी पुरा कुंवारिया कस्बा स्वेच्छा से कुंवारिया के हक की लड़ाई में सहयोग देते हुए बंद का शत प्रतिशत समर्थन किया। कुंवारिया तहसील मुख्यालय के बाजार जो हर समय ग्राहको व ग्रामीणों से गुलजार रहने वाली गलियों में सन्नाटा पसरा हुआ था। बंद के कारण कुंवारिया में कपड़ा, किराणा, अनाज, खाद्य सामग्री, होटल, चाय नाश्ता, सब्जी, फल फ्रुट, इलेक्ट्रोनिक, पान की दुकाने, शुज की दुकाने सहित अन्य व्यापार प्रतिष्ठान पुरी तरह से व्यवसाय बंद रहे जिससे लाखो रूपए का राजस्व नुकसान हुआ। पंचायत समिति की मांग को लेकर व्यापारियों व आमजन ने किस प्रकार से कुंवारिया बंद का समर्थन किया उसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि कुंवारिया में चाय की थड़ी, पान की दुकान से लगा कर बडे बडे व्यापार प्रतिष्ठान पुरी तरह से बंद रहे।

विधानसभा अध्यक्ष ने किया नगीना बाग क्षेत्र में नाला निर्माण कार्य का शुभारम्भ

# अजमेर उत्तर में समाप्त होगी जलभराव की समस्या, योजना पर कार्य जारी : देवनानी

बढ़ता राजस्थान



**अजमेर,( घनश्याम दास )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने कहा कि हमने अजमेर उत्तर क्षेत्रा की जनता से वादा किया है कि जलभराव और ड्रेनेज की समस्या का पूर्ण निदान करेंगे। इस काम के लिए योजना बना कर काम किया जा रहा है। पहले चरण में नालों को सुधारा जा रहा है। उत्तर क्षेत्रा में 40 करोड़ की लागत से नाले बनेंगे। इसी तरह विभिन्न क्षेत्रों में जलभराव की समस्या का भी हल निकाला जाएगा। विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्राी बजट घोषणा 2024-25 के अंतर्गत वार्ड 67 में सावित्राी कॉलेज से विजयलक्ष्मी पार्क तक एक करोड़ 4 लाख रुपए की लागत राशि के नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ किया। श्री देवनानी ने कहा कि शहर के ड्रेनेज सिस्टम में सुधार के लिए कमेटी द्वारा विस्तृत रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। इसके तहत उन्नत ड्रेनेज सिस्टम प्रणाली का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि अजमेर में पर्याप्त मात्रा में नाले है। इन पूर्व निर्मित कच्चे नालों का समय के साथ क्षीण होने से मलबा जमा हो जाता है। इससे क्षेत्रा में दुर्गंध फैलती है। इन नालों के विनिर्माण के लिए 36 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की गई है। नगीना बाग क्षेत्रा का ये नाला इसके माध्यम से ही बनाया जाएगा। क्षेत्रा में सड़क सहित अन्य विकास कार्य किए जा रहे हैं। क्षेत्रा वासियों को जिम्मेदार नागरिक की भूमिका निभाते हुए निर्माण कार्यों की निगरानी रखनी चाहिए। इसमें कमी पाई जाने पर स्थानीय पार्षद को अवगत करवाया जाए। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को नालों के रखरखाव एवं नियमित सफाई के लिए निर्देशित किया। नाले के निर्माण से क्षेत्रा वासियों को सड़कों पर जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मकल में पेयजल की निर्बाध आपूर्ति के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के उच्च अधिकारियों को निर्देश दिए गए है। क्षेत्रा में 48 घंटे में जलापूर्ति की जा रही है। इसमें और सुधार के प्रयास जारी हैं। पेयजल की समस्या के स्थाई समाधान के लिए 270 करोड़ रुपए की लागत से बीसलपुर परियोजना की पेयजल लाइन के क्षमता वर्धन के लिए कोटडा, लोहागल एवं वरुण सागर में तीन सर्विस रिजर्वायर का निर्माण किया जाएगा। इससे पेयजल की आने वाले समय में समस्या नहीं रहेगी। उन्होंने कहा कि प्रतिकूल मौसम में विद्युत कटौती के दौरान पंप हाउस बंद हो जाते है। इसके लिए 4.5 करोड़ की लागत के ऑटोमैटिक फीडर लगाए जाएंगे।

उन्होंने कहा कि चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में सुपरस्पेशलिटी ब्लॉक का निर्माण किया जाएगा। इसमें पहल चरण के लिए 65 करोड़ की राशि की स्वीकृति दी गई है। सैटेलाइट हॉस्पिटल के लिए 21 करोड़ की राशि स्वीकृत की गई । जवाहर लाल नेहरू चिकित्सालय में स्पीकर हेल्प डेस्क 24 घंटे संचालित की जा रही है। इससे अब तक 3 हजार से ज्यादा रोगियों को स्वास्थ्य लाभ मिल चुका है। उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी अजमेर का चरणबद्ध रूप से विकास किया जा रहा है। बजट घोषणाओं में 2 हजार करोड़ की राशि विकास कार्यों के लिए स्वीकृत की गई। इससे शहर का चैमुखी विकास होगा। आईटी पार्क, साइंस पार्क,कन्वेंशन सेंटर, प्रवेश द्वार एंट्री प्लाजा, वरुण सागर में घाट निर्माण एवं सौंदर्यीकरण सहित अनेक विकास कार्य किए जाएंगे। साथ ही पर्यटन के विकास के लिए पर्यटक स्थल के रूप में अनेक स्थान शहरवासियों को उपलब्ध होंगे। इसमें लेपर्ड सफारी का विकास शीघ्र किया जाएगा। स्वच्छ,सुंदर एवं श्रेष्ठ अजमेर के विकास में सभी सहभागी बने। इस अवसर पर महापौर ब्रजलता हाडा, राजेश शर्मा, पार्षद नलिनी शर्मा ,अनूप गुप्ता, श्याम महेश्वरी, कौशल हेडा, प्रवीण जैन सहित क्षेत्रावासी उपस्थित रहे।

## दलित परिवार की पीड़ित लड़की दर दर की ठोकरे खाने के बाद आखिरकार कोर्ट आदेश पर हुआ मामला दर्ज

बढ़ता राजस्थान

**शाहपुरा/फुलिया कलां ( के एम कुरेशी )।** जानकारी के अनुसार मामला पिछले 7 फरवरी का बताया जा रहा है पीड़ित लड़की के पिता ने फुलिया कलां थाना एसएचओ माया बैरवा को 8 फ़रवरी 2025 लड़की के गुम होने की शिकायत दर्ज करवाई थी लडकी के गुमशुदी का मामला दर्ज किया गया परंतु लड़की के साथ हुई घटना का मामला दर्ज नहीं किया गया जिसका नतीजा यह हुआ कि पीड़िता को एवं परिवार को आरोपी के द्वारा जान से मारने की कोशिश की गई इतना ही नहीं जब पीड़ित लड़की के पिता थाने में रिपोर्ट लिखवाने गए तो उल्टा फुलिया कलां एसएचओ माया बेरवा के द्वारा पीड़िता के परिवार को धमकाया ही नहीं बल्कि उठक बैठक लगवाया और मामले को दबाने की व आरोपी को बचाने की लगातार कोशिश की गई आखिर में जब पीड़िता का पिता एवं पीड़िता खुद दर दर के ठोकरे खाने के बाद आखिरकार कोर्ट की शरण लेने के बाद मामला दर्ज किया गया।

**क्या है पूरा मामला जानते हैं :** पीड़िता ने बताया कि में शाहपुरा कॉलेज कि बी.एससी प्रथम वर्ष कि छात्रा हूँ दिनांक 7/2/2025 को शाहपुरा कॉलेज पढ़ाई एवं प्रेक्टिकल के सिलसिले में कॉलेज गयी थी और मैं वापस मेरे गाँव हंसपुरा आने के लिए बस स्टैंड आई तभी मेरे गाँव का पड़ोसी सौचन्द्र उर्फ पोलू कुमावत पुत्र मदन जाति कुमावत मिला जो मुझे काफी दिनो से लगातार परेशान कर रहा था और मुझे पढ़ाई कराने, पैसा देने एवं नौकरी लगवाने की बात कह कर बहला फुसला रहा था और मुझे परेशान कर रहा था जिसने मुझे धमकाया कि तू वापस हंसपुरा चली गयी तो मैं तुझे और तेरे दोनो छोटे भाईयो को जान से खत्म कर दूंगा तु अभी मेरे साथ जहां मैं कह मेरे साथ चल और मुझे उसने उसके बैग में से ज्यूस निकाल कर जबरन पिलाया और जबरन धमकी देकर एवं भय उत्पन्न कर मुझे देवली ले गया और देवली से कोटा ले गया जहाँ रेलवे स्टेशन के पास एक होटल में ले गया वहाँ पर सौचन्द उर्फ पोलू ने जबरन मेरे साथ गलत काम किया और मेरी अश्लील फोटो खींच ली मैं रोने लगी तब सौचन्द उर्फ पोलू कुमावत मुझे वापस देवली बस स्टैंड पर ले आया और मुझे धमकाया घर पर किसी फोन किया या मेरे विरुद्ध किसी को बताया और पुलिस में मेरे विरूद्ध रिपोर्ट दर्ज करवाई तो मैं तुझे व तेरे दोनो छोटे भाईयो को जान से खत्म करवा दूंगा मेरे व मेरे परिवार वालों के पास बहुत पैसा है में सौचन्द उर्फ पोलू कुमावत से भयभीत होकर डर गयी सोचन्द उर्फ पोलू के जाने के बाद मै अपनी सहेली के पास चली गयी जहाँ से में बड़ी मुश्किल से वापस आई सौचन्द्र उर्फ पलू ने जबरन मेरे साथ खोटा काम (बलात्कार) किया मेर जीवन बर्बाद कर दिया।

# मेवाड़ में भी दिखने लगा हीट वेव का असर, राजसमंद जिला चिकित्सालय आया अलर्ट मोड पर, अस्पताल में गर्मी जनित बीमारी के मरीजों की लगी भीड़

बढ़ता राजस्थान



**राजसमन्द ( सुरेश बैगोरा )।** पिछले कुछ दिनों से प्रदेश में हीट वेव का असर देखा जा रहा है। प्रदेश के लगभग सभी जिलों में तापमान 40 से ऊपर पहुंच चुका है ऐसे में चिकित्सा विभाग ने भी एडवाइजरी जारी की है। राजसमंद जिला प्रशासन के निर्देश पर जिला आर के चिकित्सालय में तमाम तैयारीयों को पूरा कर लिया गया है। जिला अस्पताल में पहुंचने वाले मौसमी बीमारियों के मरीजों के उपचार के लिए चिकित्साकर्मी लगे हुए हैं। अस्पताल के चिकित्सक कक्ष और जांच लैब के बाहर मरीजों की भीड़ देखी जा रही है। प्रमुख चिकित्सा अधिकारी ड़ॉ रमेश रजक ने बताया की हीट वेव की संभावना के चलते विभाग ने तैयारियां पूरी कर ली है। हालांकि अभी तक लू या ताप के कोई भी मरीज सामने नहीं आए हैं। लेकिन हीट वेव के मरीजों के लिए 10 बेड आरक्षित कर लिए गए हैं।साथ ही इनमें काम आने वाली तमाम दवाइयां भी स्टॉक में रख ली गई है। अस्पताल के सभी वार्डों में पंखे एवं कूलर दुरुस्त करवा लिए गए हैं और ठंडे पानी की व्यवस्थाएं भी करवा दी गई है।आपातकालीन स्थिति के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है जिसमें चिकित्सक, नर्सिंग स्टाफ की ड्युटी लगाई गई है। ड़ॉ रमेश रजक ने बताया कि लू अथवा गर्मी जनित बीमारियों से बचने के लिए सिर पर कपड़ा रखकर चलें और शीतल पेय का निरंतर प्रयोग करते रहे। जिसमें ठंडा पानी,नींबू पानी,छाछ, लस्सी,गन्ने का रस जैसे शीतल पेय शरीर के तापमान को संतुलित रखने में काफी कारगर साबित होंगे। तेज धूप में अति आवश्यक नहीं हो तो बाहर नहीं निकले।

**इनका कहना :** प्रदेश में तेज गर्मी को लेकर चिकित्सा विभाग पूर्ण तैयारी कर चुका है, इसमें लोगों को जो स्वास्थ्य विभाग द्वारा गाइडलाइन दी जाती है उसका पालन करने के लिए कहा जाता है, जिला चिकित्सालय में 35 बेड की संख्या बढ़ा दी गई है।

**ड़ॉ रमेश रजक ( पीएमओ आर जिला चिकित्सालय राजसमंद )**

## महात्मा ज्योतिबा फुले समाज लिए आदर्श, युवा सीख लें : श्री देवनानी

### विधानसभा अध्यक्ष ने ज्योतिबा फुले जयंती पर किया माल्यार्पण



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर,( घनश्याम दास )।** विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने महात्मा ज्योतिबा फुले के जीवन और उनके महान योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने भारतीय समाज में समता, न्याय और शिक्षा के प्रति अपने अद्वितीय दृष्टिकोण से एक नई दिशा दी। उनका जीवन प्रेरणा का स्रोत है और उनके संदेश आज भी समाज को जागरूक करने के लिए प्रासंगिक हैं। युवाओं को उनसे सीख लेकर जीवन में आगे बढ़ना चाहिए।

विधानसभा अध्यक्ष श्री वासुदेव देवनानी ने शुक्रवार को महात्मा ज्योतिबा फुले की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। श्री देवनानी ने कहा कि महात्मा ज्योतिबा फुले ने न केवल सामाजिक सुधारों की शुरुआत की है। और उन्होंने सभी को शिक्षा का अधिकार देने के लिए कड़ी मेहनत की। उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उन्होंने समाज में व्याप्त जातिवाद और अंधविश्वास के खिलाफ संघर्ष किया और समाज के हर वर्ग के लिए समान अधिकारों की वकालत की। उन्होंने कहा कि महात्मा फुले ने भारतीय समाज में एक ऐसा वातावरण तैयार किया, जिसमें हर व्यक्ति को शिक्षा और सम्मान प्राप्त हो।

उनकी विचारधारा ने शिक्षा के माध्यम से समाज में बदलाव लाने की दिशा में क्रांतिकारी कदम उठाए। विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि युवा महात्मा फुले के जीवन से प्रेरणा लें।

आज भी उनकी शिक्षा, समाज में व्याप्त असमानता और सामाजिक भेदभाव के खिलाफ संघर्ष को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है। समाज के हर वर्ग को समान अधिकार और अवसर मिलें, यही महात्मा फुले का सपना था और हम सबको इस दिशा में काम करना चाहिए।


## 4 स्थायी वारंटी गिरफ्तार : 8 साल से फरार स्थायी वारंटी भी आया पकड़ में

बढ़ता राजस्थान

**राजसमन्द ( सुरेश बैगोरा )।** राजसमंद में कांकरोली पुलिस ने चार स्थायी वारंटियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में आठ साल से फरार स्थायी वारंटी भी शामिल हैं। कांकरोली पुलिस थाना इंचार्ज हंसाराम सीरवी के अनुसार गिरफ्तार वारंटियों में 8 साल से फरार स्थायी वारंटी किशन लाल (40) पुत्र लेहरू लाल जाट निवासी राज्यावास को गिरफ्तार किया जो विशिष्ट न्यायिक मजिस्ट्रेट एनआई संख्या 08 उदयपुर के तहत वांछित था।वहीं छह साल से फरार स्थायी वारंटी धनराज उर्फ मुकेश (29) पुत्र मांगी लाल गुर्जर निवासी छापरड़ा भावा को गिरफ्तार किया। वहीं चार साल से फरार स्थायी वारंटी कालूलाल (43) पुत्र किशन लाल लौहार निवासी एमड़ी को गिरफ्तार किया। इसी प्रकार चार साल फरार चल रहे स्थायी वारंटी मदनलाल (58) पुत्र नानूराम खटीक निवासी मोही को गिरफ्तार किया।

## फूलिया कला क्षेत्र के तसवारिया बांसा बीड के बालाजी अखंड रामायण पाठ के साथ तीन दिवसीय मेंला शुरू

बढ़ता राजस्थान



**शाहपुरा/फुलिया कलां ( के एम कुरेशी )।** जिले के फुलियां कलां उपखण्ड क्षेत्र के तस्वारियां बांसा पंचायत स्थित विख्यात मंदिर लक्खु की बावडी बीड के बालाजी का तीन दिवसीय मेला 10 से 12 अप्रेल तक भरा जायेगा। मेला समिति के अध्यक्ष सुरजकरण जाट ने बताया कि हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर प्रतिवर्ष चैत्र पूर्णिमा पर यह आयोजन होता है। इस बार 10 अप्रेल गुरुवार को प्रातः 8.15 बजे अखण्ड रामायण पाठ पंडित बृजेश दाधीच के सानिध्य में शुरू करके मेले का शुभारंभ किया गया। शुक्रवार 11 अप्रेल को रात्रि 9.15 बजे से अंबिका म्यूजिकल ग्रुप निंबाहेड़ा कै बैनर तले राजस्थानी कलाकार गोकुल शर्मा डोराई, कृष्णा राठौड़ मध्य प्रदेश, पुष्कर सेन घटियावली अपने भजनों की प्रस्तुतियां देंगें। हनुमान जन्मोत्सव पर 12 अप्रेल शनिवार को प्रातः 9.15 बजे शोभायात्रा के साथ अखाडा प्रदर्शन होगा। शाही लवाजमें के साथ गाजे-बाजे, ढोल नगाडो से नाचते गाते हुये चलेंगें।

# भारत के इन रोमांटिक हिल स्टेशनों पर हनीमून कपल्स को बेहद पसंद आती हैं ये जगहें



### हनीमून कपल्स हमेशा उन्हीं जगहों पर जाना पसंद करते हैं, जहां शांति हो और जहां हर तरफ प्रकृति की खूबसूरती दिख रही हो





## मनाली, हिमाचल प्रदेश

अगर आपने मनाली को कई बॉलीवुड फिल्मों में देखा है और वहां हनीमून मनाने का सपना देखा है, तो ये सपना देखने वाले आप अकेले नहीं हैं। मनाली भारत के सबसे प्रसिद्ध हिल स्टेशनों में से एक है। यह सुंदर देवदार के पेड़ों, घास के मैदानों से घिरा हुआ है, जिसे देखने के बाद हर कोई मंत्रमुग्ध हो जाता है। मनाली में अपने सभी रोमांटिक सपनों को पूरा करने के लिए ये जगह एकदम सही है। लुभावने दृश्यों के लिए आप सोलंग घाटी जा सकते हैं।

## नैनीताल, उत्तराखंड

न्यूली मैरिड कपल्स के लिए ये जगह भी एकदम परफेक्ट है। आप दोनों कुछ रोमांटिक पल बिताने के लिए नैनी झील पर बोटिंग का मजा ले सकते हैं। ऊंचे-ऊंचे पहाड़ों के बीच अपने प्यार का इजहार करना किसी फिल्मी सीन जैसा लगेगा। पूरे नैनीताल शहर के शानदार दृश्य के लिए स्नो व्यू पॉइंट तक केबल कार की सवारी ले सकते हैं। इस हिल स्टेशन का पूरा अनुभव प्राप्त करने के लिए लोकप्रिय आकर्षणों की सैर करना न भूलें।

## कश्मीर, जम्मू और कश्मीर

हनीमून कपल्स के लिए भारत में रोमांटिक हिल स्टेशनों की सूची में कश्मीर भी टॉप की लिस्ट में आता है। कश्मीर की राजसी घाटियों में आप अपनी पार्टनर के साथ रोमांटिक पल बिता सकते हैं। यहां की डल झील में आप दोनों शिकारा की सवारी का मजा ले सकते हैं। अगर आप प्रकृति के बीच आराम करना चाहते हैं, तो आपको कश्मीर हनीमून मनाने के लिए जरूर जाना चाहिए।

## औली, उत्तराखंड

प्यार और एडवेंचर अगर मिल जाएं तो आप दोनों को और करीब लाने से कोई नहीं रोक सकता, ऐसे में आपको औली जाना चाहिए। औली भी बेहद रोमांटिक जगह है और कपल्स सबसे ज्यादा यहां स्कीइंग का मजा लेने के लिए जाते हैं। अगर आपको और आपके पार्टनर को एडवेंचर पसंद है तो औली में कई तरह की एक्टिविटीज हैं, जिनका मजा आप ले सकते हैं जैसे स्कीइंग, ट्रैकिंग, पैराग्लाइडिंग आदि। पूरा हिल स्टेशन बर्फ से ढका हुआ है, जिसकी वजह से ये जगह रोमांटिक लगने लगती है।

**शिमला, हिमाचल प्रदेश :** आप दोनों ही शिमला में एक लग्जरी होटल बुक कर सकते हैं, जहां से खूबसूरत वादियों का एक अलग ही नजारा देखने को मिलता है। इस हिल स्टेशन को सबसे ज्यादा कपल्स द्वारा पसंद किया जाता है। हनीमून मनाने के लिए कपल्स के बीच सबसे पहली पसंद शिमला ही होती है। शिमला की बर्फ में खेलना, ट्रैकिंग करना जैसी एक्टिविटी आप दोनों को एक दूसरे के करीब ला सकती है। पैराग्लाइडिंग, ट्रैकिंग, कैंपिंग और बहुत कुछ जैसी गतिविधियां जिन्हें आप दोनों एक साथ कर सकते हैं। शिमला की सुंदरता और शांति इसे हनीमून के लिए सबसे अच्छे हिल स्टेशनों में से एक बनाती है।

**मुन्नार, केरल :** शहर की भीड़-भाड़ से दूर मुन्नार केरल का एक बहुत ही शांत हिल स्टेशन है। यह उन सभी कपल्स के लिए एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है जो शांति से एक दूसरे का एक अच्छा पल बिताना चाहते हैं। इसकी घुमावदार गलियाँ, लुभावने नज़ारे और ठंडी हवाएँ हाथ में



हाथ डाले चलने के लिए एकदम सही माहौल बनाते हैं। इसके अलावा, मुन्नार में बहुत सारे लोकप्रिय आकर्षण हैं जहाँ आप जा सकते हैं और अपनी हनीमून ट्रैवलिंग को अच्छे से जी सकते हैं।

# कभी दुनिया की इन बेस्ट जंगल सफारी का मजा लें



**जंगल सफारी का अनुभव बेहद खास होता है, जहां आपको बैठे-बैठे एक से एक जानवर देखने को मिल सकते हैं, जिनको आपने सिर्फ किताबों या टीवी पर देखा होगा। अगर आपने भारत की जंगल सफारी का मजा लिया है, तो इस चीज़ का अनुभव आपको जरूर होगा कि जंगल सफारी के दौरान कितना मजा आता है। आज हम आपको दुनिया के कुछ बेहतरीन जगल सफारी के बारे में बताने वाले हैं, जिनका मजा आप अपने विदेशी ट्रिप के दौरान ले सकते हैं।**

## सेरेनगेटी नेशनल पार्क, तंजानिया :

सेरेन्गेटी नेशनल पार्क अफ्रीका में स्थित है जिसे दुनिया के सबसे अच्छे सफारी स्थलों में से एक माना जाता है। उत्तरी तंजानिया में स्थित, यह यूनेस्को की सूची में लिस्टेड राष्ट्रीय उद्यान पृथ्वी पर सबसे पुराने पारिस्थितिक तंत्रों में से एक है। यह पार्क पौधों और जानवरों से घिरा हुआ है। चीता, जिराफ, ज़ेबरा और हजारों एवियन प्रजातियां यहां देखी जा सकती हैं।

## मासाई मारा नेशनल रिजर्व, केन्या :

केन्या वो जगह है जहां वाइल्डलाइफ सफारी की शुरुआत हुई थी। केन्या शानदार सूर्यास्त और संस्कृतियों का देश भी है, यहां के नेशनल रिजर्व में पाए जाने वाले सबसे लोकप्रिय पशु प्रजातियां शेर, तेंदुए और चीता हैं। यहां अन्य जानवर अफ्रीकी भैंस, थॉमसन की गज़ेल, ज़ेबरा, हार्टबीस्ट और क्लिप्सप्रिंगर एंटेलोप, आदि भी मौजूद हैं। गिद्धों, चीलों, बुलबुलों की अच्छी आबादी के कारण यहां पक्षी भी काफी लोकप्रिय हैं। अगर आप केन्या घूमने के लिए आए हैं, तो यहां आप मसाई मारा में कैंपिंग भी कर सकते हैं।

## क्रूगर नेशनल पार्क, दक्षिण अफ्रीका :

क्रूगर नेशनल पार्क दक्षिण अफ्रीका का सबसे पुराना और सबसे प्रतिष्ठित राष्ट्रीय उद्यान है। बिग फोर के अलावा, कई अन्य जानवर हैं, जिन्हें आप उनके प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं। क्रूगर पार्क सरीसृपों की 100 से अधिक प्रजातियों का भी घर है, ब्लैक माम्बा उनमें से एक है। शेर, तेंदुआ, अफ्रीकी हाथी, गैंडा आदि भी देखने को मिल जाएंगे।

## एटोशा नेशनल पार्क, नामीबिया :

एटोशा नामीबिया का सबसे बड़ा राष्ट्रीय उद्यान है, जो अपने हड़ताली रेगिस्तानी नजारों और प्रचुर वन्य जीवन के लिए प्रसिद्ध है। यहां आप शेरों और हाथियों की विशाल आबादी देख सकते हैं। सफेद गैंडे और गंभीर रूप से लुप्तप्राय काले राइनो को देखने के लिए इटोशा अफ्रीका में सबसे अच्छी जगहों में से एक है।

## चोब राष्ट्रीय उद्यान, बोत्सवाना

चोब में आपको हाथियों की संख्या सबसे ज्यादा देखने को मिलेगी और यह राष्ट्रीय उद्यान इन राजसी जीवों को देखने के लिए दुनिया के सबसे अच्छे सफारी स्थलों में से एक है। पार्क में लगभग 120,000 हाथी हैं और आप उन्हें चोब नदी पर मौजूद कूज से देख सकते हैं। नदी के किनारे सबसे ज्यादा यहां हाथी, भैंस, शेर और तेंदुआ पानी पीते हुए दिख जाएंगे। साथ ही, यहां किंगफिशर जैसे पक्षी पानी के ऊपर मंडराते रहते हैं। हाथियों के विशाल झुंड को देखने का सबसे अच्छा समय मई से अक्टूबर के बीच हैं।

# कई बार मरम्मत का काम होने की वजह से झुकी हुई है कुतुब मीनार इमारत, ऐसे ही और हैं दिलचस्प हैं इससे जुड़े फैक्ट्स

अगर आप दिल्ली घूमने जा रहे हैं तो आपको कुतुब मीनार देखने भी जरूर जाना चाहिए। ये ऐतिहासिक इमारत इंडो-इस्लामिक आर्किटेक्ट्रर का बेहतरीन नमूना है। कुतुब मीनार दुनिया की सबसे ऊंची इमारत है, जिसका निर्माण 12वीं शताब्दी में किया गया था। आपको बता दें, इमारत 73 मीटर ऊंची है और ऊपर तक जाने के लिए 379 सीढ़ियां चढ़नी पड़ती हैं।



## दुनिया की सबसे ऊंची इमारत



कुतुब मीनार की ऊंचाई 72.5 मीटर है। इसमें 379 सीढ़ियां हैं, जो आपको मीनार की चोटी तक ले जाती हैं। आपको बता दें, जमीन पर इस इमारत का व्यास 14.32 मीटर है, जो शिखर तक जाने तक 2.75 मीटर रह जाता है। इस इमारत की स्थापत्य कला देखने में बेहद खूबसूरत लगती है। शायद आपको ये बात पता न हो, कुतुब कॉम्प्लेक्स में घूमने पर पर्यटकों को 10 मिनट की फिल्म भी दिखाई जाती है, जिसमें इमारत और कॉम्प्लेक्स में स्थित अन्य इमारतों के बारे में जानने को मिलता है।

## फिर से बना था कुतुब मीनार का ऊपरी हिस्सा

कुतुब मीनार का ऊपरी हिस्सा बिजली गिरने की वजह से नष्ट हो गया था, जिसका निर्माण फिरोजशाह तुगलक ने फिर से किया था। बाद के टाइम के फ्लोर पहले के फ्लोर्स से बेहद अलग हैं, क्योंकि इन्हें सफेद संगमरमर से बनाया गया था।

## कुतुब कॉम्प्लेक्स में हैं और भी कई इमारतें



कुतुब मीनार कई बड़ी ऐतिहासिक इमारतों से भी घिरा हुआ है और ये सब कुतुब कॉम्प्लेक्स के अंदर आती हैं। इस कॉम्प्लेक्स में आपको लौह स्तंभ, अलाई दरवाजा, इल्तुतमिश की कब्र, अलाई मीनार, अलाउद्दीन का मदरसा, कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद, जैसी इमारतें हैं, जो पर्यटकों को विशेष रूप से आकर्षित करती हैं।

## 27 हिंदू मंदिरों को तोडा गया



टावर की हर मंजिल में बहुत ही शानदार शिल्प कौशल है। इमारत के ऊंचे टॉवर पर पहुंचकर आप दिल्ली शहर का शानदार और अद्भुत नजारा देख सकते हैं। आपको बता दें, इस खूबसूरत निर्माण में संगममार और लाल बलुआ पत्थर का इस्तेमाल किया गया है। कुछ इतिहासकारों का मानना है कि इस ऐतिहासिक मीनार को बनाने के लिए 27 हिंदू मंदिरों को तोड़कर पत्थर दिए गए थे।

## देवानंद करना चाहते थे अपनी फिल्म की शूटिंग

बॉलीवुड के फेमस एकत्र और डायरेक्टर देवानंद यहां अपनी फिल्म के गाने दिल का भंवर करे पुकार की शूटिंग करना चाहते थे, लेकिन कैमरे मीनार के छोटे रास्तों में फिट न हो पाने की वजह से शूटिंग नहीं हो पाई, लेकिन इस इमारत में ही शूटिंग के लिए उन्होंने फिर कुतुब मीनार की रेप्लिका में अपना गाना शूट किया।



## कुव्वत-उल-इस्लाम मस्जिद

कुव्वत-उल-इस्लाम कुतुब मीनार के पास ही भारत में बनने वाली पहली मस्जिद है। इस मस्जिद का नाम अंग्रेजी में द माइट ऑफ इस्लाम मस्जिद जिसका अर्थ है इस्लाम की शक्ति। इस इमारत का निर्माण मूल रूप से इस्लाम की ताकत जाहिर करने के लिए किया गया था। इस मस्जिद का निर्माण हिन्दू मंदिर की नींव पर किया गया है। अगर आप यहां आते हैं, तो ये चीज आपको स्पष्ट रूप से देखने को मिल जाएगी।

## अलाउद्दीन खिलजी का था एक और सपना

सुल्तान अलाउद्दीन खिलजी खुद को महान साबित करने के लिए कुतुब मीनार से भी ऊंचा टावर बनवाना चाहता था, जिसकी ऊंचाई कुतुब मीनार से भी दो गुनी हो। उन्होंने अला-ए मीनार नाम से अपना निर्माण भी शुरू कराया, लेकिन वह सपना कभी पूरा नहीं हो पाया। अला-ए-मीनार की ऊंचाई मात्र 27 मीटर तक पहुंच गई थी कि अलाउद्दीन खिलजी की मृत्यु हो गई। उनकी मृत्यु के बाद उस मीनार को पूरा करने की आवश्यकता किसी को समझ में नहीं आई। यह अधूरी इमारत कुतुब मीनार के पास मौजूद है।

## हिन्दुओं के अनुसार इसका कुछ और है नाम

हिंदू पक्ष का दावा है कि कुतुब मीनार का ऑरिजिनल नाम विष्णु पिलर है, जिसे कुतुबदीन ने नहीं बनवाया था। बल्कि, इसे खगोलशास्त्री वराहमिहिर ने बनवाया था जो सम्राट चंद्रगुप्त विक्रमादित्य के नवरत्नों में से एक थे।

## 2000 साल से भी ज्यादा पुराना है लौह स्तंभ

लौह स्तंभ का निर्माण गुप्त साम्राज्य के चंद्रगुप्त द्वितीय ने दो हजार साल से भी पहले किया था, लेकिन इसकी विशेषता यह है कि इतने वर्षों के बाद भी इस लोहे के स्तंभ में अभी तक जंग नहीं लगी है।

# बीचेस और नाइटलाइफ के लिए फेमस गोवा की ये 6 भूतिया जगह

गोवा का नाम सुनते ही आपके मन में सिर्फ मस्ती, बीच, पब, शराब और यहां की हसीन वादियों का नजारा सामने आता होगा। लेकिन इस गोवा में खूबसूरत नजारों के बीच कुछ ऐसी जगहें भी हैं, जहां कोई भूल कर भी नहीं जाना नहीं चाहेगा। गोवा के हरे भरे माहौल के अलावा पर्यटक इस जगह का एक अलग पक्ष भी देख सकते हैं जो थोड़ा डरावना भी हो सकता है।

**गोवा में थ्री किंग्स चर्च** : हम जानते हैं कि यह जानकर आपको थोड़ा हैरानी हो सकती है कि भूत-प्रेत पूजा वाले स्थान पर भी निवास कर सकते हैं, लेकिन गोवा की सबसे भूतिया जगह में ये चर्च सबसे ऊपर आता है। लोगों का कहना है कि चर्च तीन राजाओं की आत्मा से घिरा हुआ है, जिनके शरीर इसके नीचे दबे हुए हैं। ये तीनों राजा जो कि एक दूसरे के भाई थे, सत्ता के लिए आपस में लड़ते थे। एक दिन, उनमें से एक भाई ने अपने अन्य दो भाइयों को जहर दे दिया और उसके बाद खुद राजा बन गया। हालाँकि, जब उसे पता चला कि उसकी इस करतूत के बारे में उसकी प्रजा को पता चल गया है, तो उसने आत्महत्या कर ली, क्योंकि उसे डर था कि प्रजा मिलकर उसे कठोर से कठोर सजा दे सकती है। तब से, चर्च को इन तीन राजा भाइयों की आत्माओं का निवास माना जाता है। यहां लोगों ने अजीब शोर और एक अजीब अशुभ उपस्थिति का अनुभव किया है।

**गोवा में बोरिम ब्रिज :** उत्तरी गोवा में पोंडा को दक्षिण गोवा के मडगांव से जोड़ने के लिए पुर्तगालियों द्वारा बोरिम ब्रिज का निर्माण किया गया था। भारतीय सेना को गांव में प्रवेश करने से रोकने के लिए पुर्तगाली सैनिकों द्वारा पुल को नष्ट कर दिया गया था। कहानियों की मानें तो पुल के निर्माण के दौरान कई बच्चों की बलि दी गई थी और स्थानीय लोगों ने इस पर होने वाली भयानक गतिविधियों के बारे में कई कहानियां बताई हैं। कहा जाता है कि कई लोगों ने देर रात पुल पार करते हुए एक महिला को नदी से नीचे कूदते देखा है। कार रोकने वाली महिला को लोगों ने उसे वाहन की पिछली सीट पर बैठा पाया है। भूत को देखने वाले लगभग सभी लोग इस घटना के बाद बीमार पड़ गए हैं, जो इस जगह को और भी रहस्यमय बना देता है।

**गोवा में रचोल सेमिनरी आर्क :** गोवा के राचोल के पास एक सेमिनरी स्कूल के सामने आर्च है। स्थानीय लोगों का मानना है कि यहां एक सैनिक की आत्मा अब भी भटकती है जो अभी भी



अपने पद को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है। उसे पूरी वर्दी में देखा गया है। उसकी आत्मा लोगों को इस जगह आने से रोकती है। पुर्तगाली शासन के समय से ही सेमिनरी आर्च को हॉन्टेड माना जाता रहा है।

**गोवा में सलिगांव** : पणजी से 15 किमी दूर स्थित, सालिगाओ एक छोटा सा गाँव है जिसे गोवा के प्रेतवाधित स्थानों में से एक माना जाता है। माना जाता है कि गांव क्रिस्टालिना नाम की एक महिला की आत्मा से प्रेतवाधित है। गांव में बरगद के पेड़ को इसी आत्मा का घर कहा जाता है। लोककथाओं के अनुसार, एक बार चर्च के पादरी गांव को पार कर रहे थे तब प्रेत देख कर बेहोश हो गए और अगले दिन उठ कर उस प्रेत का नाम चिल्लाने लगे। हालांकि इस घटना को पांच दशक से अधिक समय हो गया है, लेकिन स्थानीय लोग अभी भी रात में बरगद के पेड़ के पास जाने से डरते हैं।

**एनएच 17 मुंबई-गोवा हाईवे :** मशहूर मुंबई-गोवा राजमार्ग को कौन नहीं जानता, यह केवल प्राकृतिक सुंदरता के लिए नहीं जाना जाता बल्कि लोगों का कहना है कि सूरज के डूबने के बाद इस रोड से गुजरते समय कभी अपने साथ मीट ले कर न जाएं। एक प्रत्यक्षदर्शी का कहना है कि एक बार वो एनएच-17 से अपनी बीवी के साथ ड्राइव करता हुआ जा रहा था। उनके साथ खाने-पीने के सामान के अलावा कुछ नॉन वेज भोजन भी था। अचानक उनकी कार की लाइट ऑन-ऑफ होने लगी और गाड़ी से उसका नियंत्रण खोने लगा।

**गोवा में बॉयटाखोल** : धावली और बोरी का बॉयटाखोल रोड एक ऐसी जगह है, जहां शैतानी आत्माओं का कहर दिन के उजाले में भी जारी रहता है। अक्सर कहा जाता है कि रात के समय शैतानी ताकतें बढ़ जाती हैं।

लेकिन इस रास्ते से गुजरे कुछ लोगों का कहना है कि उन्होंने दोपहर के समय भी यहां कुछ डरावनी घटनाओं को महसूस किया है, जैसे एक औरत का सफेद साड़ी में गाड़ी के सामने आ जाना और डरावनी सी हंसी के साथ दूसरी तरफ भाग जाना। जिससे ड्राइवर का ध्यान भटक जाता है। जब पीछे मुड़ कर देखते हैं तो कोई नहीं दिखाई देता और गाड़ी से नियंत्रण हट जाता है।

RNI NO. RAJHIN/2013/52026
POSTAL REG NO. TONK/49/2022-24
दैनिक बढ़ता राजस्थान

# वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर को हटाया

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** झालावाड़ जिले में पानी संकट को लेकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सरकार में एक्शन शुरू हो गया है। जलदाय विभाग ने झालावाड़ के सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर दीपक कुमार झा को पद से हटाकर एपीओ कर दिया है। एपीओ अवधि में दीपक कुमार झा को जलदाय विभाग के चीफ इंजीनियर और अतिरिक्त सचिव के दफ्तर में हाजिरी देने के आदेश दिए हैं। इस मामले में लापरवाही बरतने वाले कुछ अन्य अफसरों के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी है।

जलदाय विभाग के आदेशों के मुताबिक झालावाड़ जिले के जल जीवन मिशन के कामों की प्रगति संतोषजनक नहीं होने, अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंचने, जल जीवन मिशन के कामों की सही तरीके से मॉनिटरिंग नहीं करने और समय पर निविदाएं आमंत्रित नहीं करने से आए पानी संकट की शिकायतों को देखते हुए सुप्रींटेंडेंट इंजीनियर को एपीओ किया है।

### राजे ने पानी संकट पर नाराजगी जताते हुए कहा था- अफसर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं, मैं ऐसा नहीं होने दूंगी

पिछले दिनों झालावाड़ जिले में पानी संकट पर नाराजगी जताते हुए वसुंधरा राजे ने अफसरों को फटकार लगाते हुए नाराजगी जताई थी। इसके बाद वसुंधरा राजे ने सोशल मीडिया पर दो पोस्ट करके अफसरों पर सवाल उठाए थे। राजे ने एक्स पर लिखा था- क्या जनता को प्यास नहीं लगती? सिर्फ आप अफसरों को ही लगती है। गर्मी में पेयजल संकट के कारण जनता त्रस्त है। अफसर तृप्त हैं। पानी कागजों में नहीं, लोगों के होठों तक पहुंचे। अफसर सो रहे हैं, लोग रो रहे हैं। मैं ऐसा नहीं होने दूंगी। राजे ने कहा था- प्रधानमंत्री जी ने 42 हजार करोड़ जल जीवन मिशन में दिए हैं। पाई-पाई का हिसाब दो कि झालावाड़ के हिस्से की राशि का आपने क्या किया?

### लापरवाही बरतने वाले कुछ अन्य अफसरों के खिलाफ भी एक्शन की तैयारी

पेयजल संकट निवारण के लिए हमारी सरकार तो पैसा दे रही है, लेकिन अफसर योजनाओं की सही क्रियान्विति नहीं कर रहे। इसलिए राजस्थान के लोग प्यास से बेचैन हैं। यह तो अप्रैल का हाल है, जून-जुलाई में क्या होगा? अधीक्षण अभियंता सहित कोई अफसर मुझे संतोषजनक जवाब नहीं दे सका,झालावाड़ में यह नहीं चलेगा।

### राजे के तल्ख तेवरों के बाद केंद्रीय जल शक्ति मंत्री ने सरकार से रिपोर्ट तलब की

वसुंधरा राजे के तल्ख तेवरों के बाद केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल ने राज्य सरकार से रिपोर्ट मांगी थी। पाटिल ने सोशल मीडिया पर लिखा था- झालावाड़ में जल संकट को लेकर वसुंधरा राजे की उठाई गई चिंता को गंभीरता से लिया है। राजस्थान सरकार से तथ्यात्मक रिपोर्ट मांगी गई है।

### राजे की नाराजगी के बाद सीएम ने बैठक कर दिए थे सख्त निर्देश

वसुंधरा राजे की नाराजगी के बाद सीएम भजनलाल शर्मा ने जलदाय विभाग से पानी संकट को लेकर रिपोर्ट मांगी थी। उस रिपोर्ट में झालावाड़ में जलजीवन मिशन के कामों में देरी को लेकर भी रिपोर्ट तलब की गई थी। सीएम ने इसके बाद जलदाय मंत्री और महकमे



के अफसरों के साथ बैठक कर पानी संकट पर नाराजगी जताई। सीएम ने पानी संकट पर नाराजगी जताते हुए कहा था कि लोगों को पानी के लिए परेशान होना पड़ा तो जिम्मेदारों की खैर नहीं होगी, एक्शन होगा। सीएम ने पानी संकट का हर हाल में समाधान करने को कहा।

# हाईकोर्ट ने दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को दी राहत

## करीब 35 साल की सेवा के बाद नियमित करने के आदेश; 25 साल से लंबित थी याचिका

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान हाईकोर्ट ने करीब 35 साल की सेवा के बाद रिटायर हुए दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी को नियमित करते हुए सभी सेवानिवृति परिलाभ देने का आदेश दिया है। जस्टिस समीर जैन की अदालत ने यह आदेश देवेश कुमार शर्मा की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। फैसले में हाईकोर्ट ने सरकार को निर्देश दिए है कि वह याचिकाकर्ता को साल 2006 से नियमित करते हुए रिटायरमेंट के सभी परिलाभ अदा करें। वकील हितेष बागड़ी ने बताया कि याचिकाकर्ता की चिकित्सा विभाग कोटा में साल 1985 में दैनिक वेतनभोगी के तौर पर कनिष्ठ लिपिक के पद पर नियुक्ति हुई थी।

### करीब 25 साल से याचिका लंबित थी

याचिकाकर्ता को उसकी पहली नियुक्ति के कुछ माह बाद ही विभाग ने हटा दिया था। जिसे उसने कोटा श्रम न्यायालय में चुनौती दी। साल 1992 में कोटा श्रम न्यायालय ने याचिकाकर्ता के पक्ष में फैसला दे दिया। जिसके बाद साल 1997 में विभाग ने उसे फिर से नियुक्ति दे दी। याचिकाकर्ता ने विभाग में नियमित करने का आवेदन किया। जिस पर विभाग ने कोई विचार नहीं किया। इस पर याचिकाकर्ता ने साल 2000 में हाईकोर्ट में याचिका दायर की। इस बीच याचिकाकर्ता 60 वर्ष की उम्र में पूर्ण करने के बाद साल 2020 में रिटायर हो गया।

### साल 2006 से नियमित करने के आदेश

याचिकाकर्ता की ओर से कहा गया कि साल 2009 में राज्य सरकार ने नोटिफिकेशन जारी करके कहा कि वे दैनिक वेतनभोगी कार्मिक जिन्होंने बिना किसी अदालत के आदेश से 10 अप्रेल 2006 तक सेवा में 10 वर्ष पूर्ण किए हैं। उन्हें नियमित किया जाए। लेकिन विभाग ने याचिकाकर्ता को नियमित नहीं किया। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि विभाग ने श्रम विभाग कोटा के आदेश पर कोई आपत्ति नहीं की। ऐसे में विभाग का यह कहना कि यह आदेश एकतरफा था, मानने योग्य नहीं हैं।

# युद्ध, संघर्ष, मानवीय मूल्यों से जुड़ी चिंताएं हमारे सामने : मोदी

## आनंदपुर धाम में कहा- सभी समस्याओं का समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा

बढ़ता राजस्थान

**अशोकनगर/ग्वालियर (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि दुनिया में भौतिक उन्नति के बीच मानवता के लिए युद्ध, संघर्ष और मानवीय मूल्यों से जुड़ी कई चिंताएं हमारे सामने हैं। इनकी जड़ में क्या है। इनकी जड़ में अपने और पराए की मानसिकता है। ये मानसिकता मानव से मानव को दूर करती है। आज विश्व भी सोच रहा है कि इनका समाधान कहां मिलेगा। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी यहां कोई द्वैत नहीं है। प्रधानमंत्री मोदी शुक्रवार को मध्यप्रदेश के अशोकनगर के ईसागढ़ स्थित आनंदपुर धाम पहुंचे। यहां उन्होंने परमहंस अद्वैत मत के तीन प्रमुख मंदिरों के दर्शन किए। उन्होंने आनंद सरोवर में पुष्प अर्पित किए।

### अशोकनगर में शोक आने से डरता है

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया हो, जहां परमार्थ एक परंपरा बन चुका हो, जहां सेवा के संकल्प मानवता के कल्याण का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। इसलिए हमारे संतों ने अशोक नगर के बारे में कहा था कि यहां शोक आने से डरता है।

### मुश्किलों में ऋषियों ने मार्गदर्शन किया

प्रधानमंत्री ने कहा- हमारा भारत ऋषियों, मनीषियों और संतों की धरती है। जब-जब हमारा भारत, हमारा समाज किसी मुश्किल दौर से गुजरता है, कोई न कोई ऋषि, मनीषी इस धरती पर अवतरित होकर समाज को नई दिशा देता है। हम पूज्य स्वामी अद्वैतानंद महाराज जी के जीवन में भी इसकी झलक देख सकते हैं।



### एमपी, अशोकनगर में विकास की गति को बढ़ा रहे

पीएम मोदी ने कहा- अशोकनगर और आनंदपुर धाम जैसे क्षेत्र जिन्होंने देश को इतना कुछ दिया है। इनका विकास भी हमारी जिम्मेदारी है। इस क्षेत्र को कला संस्कृति और प्राकृतिक सौंदर्य का वरदान प्राप्त है। यहां विकास और विरासत की असीम संभावनाएं है। इसलिए हम एमपी और अशोकनगर में विकास की गति को बढ़ा रहे हैं।

### सेवा की भावना सरकार की नीति भी, निष्ठा भी

गरीब और वंचित के उत्थान का संकल्प, सबका साथ सबका विकास का मंत्र, सेवा की भावना सरकार की नीति है। निष्ठा भी है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को भी निखारती है। सेवा हमें व्यक्तिगत दायरे से निकालकर मानवता के बड़े उद्देश्य से जोड़ती है। सेवा एक साधना है, एक ऐसी गंगा है, जिसमें हर व्यक्ति को डुबकी लगानी चाहिए।

### संस्कृति और परंपराओं को संरक्षित करना है

पीएम मोदी ने कहा- 2047 तक विकसित भारत बनने का लक्ष्य तय किया है। हमें विश्वास है, इसे हासिल करेंगे। विकास की दौड़ में कई देश अपनी संस्कृति से कट गए, अपनी परंपराएं भुला दी। भारत में हमें इन्हें संरक्षित करके रखना है। हमारी संस्कृति हमारे सामर्थ्य को मजबूत करती है।

# पिछड़ी जातियों को अपमान से बचाने के लिए कानून लाएंगे : चंद्रबाबू नायडू

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने शुक्रवार को वादा किया कि तेदेपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार पिछड़े वर्गों को अपमान से बचाने के लिए एससी/एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम की तर्ज पर पिछड़ा वर्ग (बीसी) संरक्षण अधिनियम लागू करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि भेदभाव अब भी मौजूद है और बीसी संरक्षण अधिनियम जैसे कानून की आवश्यकता है। नायडू ने एलुरु जिले के वडलमनु में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा, ''भेदभाव है। इसीलिए एससी/एसटी अत्याचार अधिनियम है और आने वाले दिनों में पिछड़े वर्गों को अपमान से बचाने के लिए यह सरकार बीसी संरक्षण अधिनियम लाने की जिम्मेदारी लेगी।'' मुख्यमंत्री के मुताबिक, तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) के सत्ता में आने तक पिछड़े वर्गों के लिए कोई न्याय नहीं था।

# रेखा गुप्ता की हाई लेवल बैठक, दिल्ली में 4,000 डार्क स्पॉट की हुई पहचान, दिए गए ये आदेश

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सार्वजनिक सुरक्षा को लेकर अपने मंत्रियों और अधिकारियों के साथ बैठक की। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने सार्वजनिक सुरक्षा, आवागमन और आश्रय के बुनियादी ढांचे को प्रभावित करने वाले प्रमुख मुद्दों को संबोधित करने के लिए शहर भर में सुधार का निर्देश दिया है, जिसमें महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक उच्च स्तरीय बैठक में, सीएम गुप्ता ने 4,000 डार्क स्पॉट - शहर भर में खराब रोशनी वाले क्षेत्रों - पर तत्काल कार्रवाई पर जोर दिया, जिन्हें अब साफ किया जा रहा है और पर्याप्त रोशनी से सुसज्जित किया जा रहा है। इन स्थानों को विशेष रूप से महिलाओं के लिए संवेदनशील क्षेत्र माना जाता है। अधिकारियों ने 129 मोबाइल डार्क स्पॉट भी चिह्नित किए हैं, ऐसे क्षेत्र जहां मोबाइल नेटवर्क कवरेज कमज़ोर है या नहीं है। सीएम गुप्ता ने दूरसंचार कंपनियों और संबंधित विभागों को इन क्षेत्रों में बेहतर कनेक्टिविटी सुनिश्चित करने का निर्देश दिया ताकि आपातकालीन प्रतिक्रिया में तेज़ी लाई जा सके। इसके अलावा, दिल्ली में 233 भीड़भाड़ वाले स्थानों की पहचान की गई है, जो यातायात प्रवाह और सार्वजनिक आवाजाही दोनों में बाधा डाल रहे हैं। इनमें से 123 लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के अंतर्गत आते हैं।

# नड्डा ने ओडिशा के लाभार्थियों को आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री-जन आरोग्य योजना और गोपबंधु जन आरोग्य योजना के कोब्रांडेड कार्ड शुभारंभ किया



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने आज कटक में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना और गोपबंधु जन आरोग्य योजना के सह-ब्रांडेड कार्ड वितरित किए।

इस अवसर पर आयुष्मान वय वंदना योजना का भी शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम, ओडिशा के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मुकेश महालिंग और ओडिशा के सांसद एवं विधानसभा सदस्य भी उपस्थित थे। जे.पी. नड्डा ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि आज ओडिशा के लिए एक ऐतिहासिक दिन है क्योंकि एबी पीएम-जेएवाई, दुनिया का सबसे बड़ा स्वास्थ्य कवरेज कार्यक्रम है जिसके तहत वर्तमान में 62 करोड़ लोग लाभान्वित हो रहे हैं, जो लगभग 1.3 करोड़ परिवारों, यानी ओडिशा के लगभग 3.52 करोड़ लोगों को जोड़ेगा। नड्डा ने बताया कि इस योजना के अंतर्गत 8.19 करोड़ से अधिक लोगों ने सेवाएं प्राप्त की हैं और देश के लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए 1.26 लाख करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत अब करीब 61 करोड़ लोग कवर हो चुके हैं। उन्होंने कहा, पहले इस योजना के तहत 55 करोड़ से ज़्यादा लोग कवर होते थे। फिर आशा, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और उनके परिवार यानी करीब 36 लाख लोगों को इस योजना में जोड़ा गया।

# शिवराज सिंह चौहान ने मध्य प्रदेश में देवास जिले के कन्नौद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्रों का वितरण किया

## केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह ने कन्नौद में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय ग्रामीण विकास व कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मध्य प्रदेश में देवास जिले के कन्नौद में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए। साथ ही केंद्रीय मंत्री ने जिले में विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण भी किया।

इस अवसर पर शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि




वर्तमान में किसानों को राहत देने के लिए मां नर्मदा का पानी यहां जल्दी ही आने वाला है, योजना को स्वीकृति मिल गई है।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# गहलोत बोले-वसुंधरा को सब मालूम,जनता को बेवकूफ बना रहे

## यदि उनमें राजनीतिक ईमानदारी है तो बताएं, नई ईआरसीपी में दम है या पुरानी में

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने ईआरसीपी और पीकेसी प्रोजेक्ट को लेकर पूर्व सीएम वसुंधरा राजे पर निशाना साधा। गहलोत ने कहा- राजे दो बार मुख्यमंत्री रहीं, इन प्रोजेक्ट्स का पूरा अध्ययन किया है।

ईआरसीपी या पीकेसी ये सब बकवास है गहलोत ने आगे कहा- वसुंधरा राजे खुद कह रही हैं कि अगले 9 साल तक कुछ होने वाला नहीं है। ऐसे में जनता को बेवकूफ क्यों बना रहे हैं? उन्हें मालूम है पीकेसी और ईआरसीपी के नए एमओयू में दम नहीं है। अगर राजे में राजनीतिक ईमानदारी है तो प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर स्पष्ट करें कि नई पीकेसी में दम है या उनके समय बनी ईआरसीपी में?

पूर्व सीएम ने कहा- राजे से मेरी शिकायत ये है कि वे दो बार मुख्यमंत्री रही हैं, लेकिन सिर्फ झालावाड़ की बात कर रही हैं। ये गलत है। अशोक गहलोत जयपुर में महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती के अवसर पर 22 गोदाम स्थित प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित करने पहुंचे थे।



### गहलोत ने कही 3 बड़ी बातें...

### राजे केवल झालावाड़ नहीं, पूरी योजना की बात करें:

पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने महात्मा ज्योतिबा फुले जयंती कार्यक्रम में कहा- अगर वसुंधरा राजे में राजनीतिक ईमानदारी है तो प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाकर पीकेसी और ईआरसीपी के नए एग्रीमेंट के बारे में बताएं। नई पीकेसी में दम है या उनके समय की ईआरसीपी में, स्पष्ट करें। हमने सरकार में उनके प्रस्ताव को आगे बढ़ाया, कोई छेड़छाड़ नहीं की। वह केवल झालावाड़ नहीं, पूरे राजस्थान के हितों की बात करें।

### छुआछूत मानवता पर कलंक:

अलवर राम मंदिर में ज्ञानदेव अहूजा के गंगाजल छिड़काव प्रकरण पर गहलोत ने कहा- हम सबने इसकी निंदा की है। 21वीं सदी में छुआछूत मानवता पर कलंक है। आरएसएस को आगे आकर इसके खिलाफ अभियान चलाना चाहिए। पूरा देश बीजेपी की विचारधारा से तंग है। हम छुआछूत को समाप्त करके रहेंगे।

### भागवत आगे क्यों नहीं आते?:

आरएसएस पर निशाना साधते हुए गहलोत ने कहा- मोहन भागवत को आगे आना चाहिए। अगर दलित, आदिवासी और ट्राइबल सभी हिंदू हैं, तो छुआछूत की जिम्मेदारी किसकी है? बीजेपी सरकार है, जिसे आरएसएस सपोर्ट करती है। इससे बेहतर मौका कब आएगा कि आरएसएस सब काम छोड़कर देश को छुआछूत मिटाने का आह्वान करे। प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के दूसरे कार्यकाल में साल 2017 में पूर्वी राजस्थान नहर परियोजना का ड्राफ्ट तैयार किया गया था। बताया जाता है कि यह परियोजना उन्हीं की देन है। इसके अंतर्गत पार्वती, चंबल और कालीसिंध नदी को जोड़ने की रूपरेखा तैयार की गई थी।

भजनलाल सरकार के एक साल पूरा होने के कार्यक्रम में पहली बार राजस्थान-मध्य प्रदेश की परियोजना के समझौते को भी सार्वजनिक किया गया। इस योजना से पूर्वी राजस्थान के कई जिलों और क्षेत्रों को लाभ मिलेगा। इस योजना से जयपुर, झालावाड़, बारां, कोटा, बूंदी, सवाई माधोपुर, अजमेर, टोंक, दौसा, करौली, अलवर, भरतपुर, धौलपुर जिलों के साथ गंगापुर सिटी, ब्यावर, केकड़ी, दूदू, कोटपूतली-बहरोड़, खैरथल-तिजारा, डीग और जयपुर ग्रामीण क्षेत्र को जल संकट से छुटकारा मिलेगा। पेयजल के साथ किसानों को सिंचाई के लिए भी जरूरत का पानी मिल सकेगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं राजकीय महाविद्यालय के पास एन एच-12,बाईपास निवाई टोंक (राज.) से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*।
प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888 टोंक कार्यालय मो.नं. 9414823448 प्रधान कार्यालय :185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर (राज.) फोन नं.0141-2796794,2796795,
E-Mail-badhatarajasthan@yahoo.com, *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर महानगर होगा)